मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 7 अंक 107
सोमवार, 28 अक्टूबर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर प्रधानमंत्री मोदी ने जताई चिंता

**नयी दिल्ली, 27 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए इससे बचने के लिए रविवार को देशवासियों से रूको, सोचो और एक्शन लो का मंत्र साझा किया और इस बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 150वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने डिजिटल अरेस्ट से जुड़े एक फरेबी और पीड़ित के बीच बातचीत का वीडियो भी साझा किया और कहा कि कोई भी एजेंसी न तो धमकी देती है, न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है और न ही पैसों की मांग करती है। इंटरनेट के तेजी से बढ़ते उपयोग के बीच डिजिटल अरेस्ट फरेब का एक बड़ा माध्यम बनता जा रहा है। इसमें किसी शख्स को ऑनलाइन माध्यम से डराया जाता है कि वह सरकारी एजेंसी के माध्यम से अरेस्ट हो गया है और उसे जुमार्ना देना होगा। कई लोग ऐसे मामलों में डर जाते हैं और शिकार बन जाते हैं।



प्रधानमंत्री ने मन की बात के दर्शकों को विस्तार से बताया कि इस प्रकार के फरेब करने वाले गिरोह कैसे काम करते हैं और कैसे खतरनाक खेल खेलते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार होने वालों में हर वर्ग और हर उम्र के लोग हैं और वे डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाए हुए लाखों रुपए गंवा देते हैं। उन्होंने कहा, इस तरह का कोई कॉल आए तो आपको डरना नहीं है। आपको पता होना चाहिए कि कोई भी जांच एजेंसी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह पूछताछ कभी नहीं करती। उन्होंने इससे बचने के लिए देशवासियों से रूको, सोचो और एक्शन लो का मंत्र साझा किया।

उन्होंने कहा, ऐसे मामलों में घबराएं नहीं। शांत रहें। जल्दबाजी में कोई कदम ना उठाएं। किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी ना दें। संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर ऐसी धमकी नहीं देती और न ही पूछताछ करती है और न वीडियो कॉल पर ऐसे पैसे की मांग करती है। उन्होंने कहा, अगर डर लगे तो समझिए कुछ गड़बड़ है। प्रधानमंत्री ने लोगों से ऐसे मामलों में राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर डायल करने और साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर रिपोर्ट करने के अलावा परिवार और पुलिस को सूचना देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, सबूत सुरक्षित रखें।

यह तीन चरण आपकी डिजिटल सुरक्षा का रक्षक बनेंगे। मैं फिर कहूंगा डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई चीज नहीं है। यह सिर्फ फ्रॉड है, झूठ है और फरेब है। बदमाशों का गिरोह है और जो लोग ऐसा कर रहे हैं वह समाज के दुश्मन हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर जो फरेब चल रहा है उससे निपटने के लिए तमाम जांच एजेंसी राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं और आपसी तालमेल के लिए नेशनल साइबर कोआर्डिनेशन केंद्र की स्थापना की गई है।

उन्होंने कहा, ह्यह्यऐसे फ्रॉड करने वाली हजारों वीडियो कॉलिंग आईडी को ब्लॉक किया गया है। लाखों सिम कार्ड और बैंक अकाउंट को भी ब्लॉक किया गया है।

मोदी ने कहा कि ऐसे मामलों में एजेंसियां अपना काम कर रही हैं लेकिन डिजिटल अरेस्ट के नाम पर हो रहे फरेब से बचने के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों सहित हर जगह इसके बारे में लोगों से जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

## कांग्रेस के बागी नेता खादरी 30 अक्टूबर को नामांकन वापस लेंगे : शिवकुमार



**कर्नाटक, 27 अक्टूबर।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस के बागी नेता सैयद अजीम पीर खादरी शिग्गांव से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन वापस लेंगे।

सभी को आश्चर्यचकित करते हुए खादरी ने शुक्रवार को नामांकन के अंतिम दिन शिग्गांव सीट पर 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था।इस आशंका के बीच कि खादरी कांग्रेस उम्मीदवार यासिर अहमद खान पठान की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाएंगे, पार्टी की कर्नाटक इकाई के प्रमुख शिवकुमार ने कहा, खादरी 30 अक्टूबर को अपना नामांकन वापस ले लेंगे। पार्टी उन्हें एक उपयुक्त पद देगी।

## वामपंथियों को हराने के लिए सांप्रदायिक ताकतों से गठजोड़ कर रही आईयूएमएल : पिनराई विजयन

**केरल, 27 अक्टूबर।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शनिवार को इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसने वामपंथियों को हराने के लिए जमात-ए-इस्लामी जैसे सांप्रदायिक और आतंकवादी समूहों के साथ गठजोड़ किया है।



विपक्षी दल कांग्रेस की प्रमुख सहयोगी आईयूएमएल का बचाव करते हुए केरल प्रदेश कांग्रेस समिति (केपीसीसी) के प्रमुख के. सुधाकरन ने मुख्यमंत्री पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए अल्पसंख्यक संगठनों का बहिष्कार करने का आरोप लगाया। इससे पहले दिन में, विजयन ने माकपा की प्रदेश समिति के सदस्य पी. जयराजन की किताब केरलमः मुस्लिम राष्ट्रियम -राष्ट्रीय इस्लाम का विमोचन करने के बाद कहा कि आईयूएमएल राज्य में वामपंथियों के खिलाफ काम करने के लिए सांप्रदायिक और आतंकी ताकतों के साथ जुड़ने में संकोच नहीं करती है। उन्होंने अपने भाषण में कहा, लीग (आईयूएमएल) द्वारा खड़ा किया गया एक बड़ा खतरा यह है कि वामपंथियों को हराने की अपनी उत्सुकता में, इसने एसडीपीआई, जमात-ए-इस्लामी और किसी भी अन्य सांप्रदायिक आतंकवादी संगठन के साथ गठजोड़ करने से संकोच नहीं किया है।

## राष्ट्र की अनमोल धरोहर थे शहीद बाबू जगत सिंह : रवींद्र जायसवाल

### लहुराबीर - जगतगंज मार्ग पर शहीद बाबू जगत सिंह द्वार का हुआ लोकार्पण

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ वर्ष 1799 में विद्रोह का बिगुल फूंकने वाले महानायक शहीद बाबू जगत सिंह की स्मृति में रविवार को जगतगंज में शहीद बाबू जगत सिंह द्वार का लोकार्पण हुआ। लहुराबीर जगतगंज मुख्य मार्ग पर राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज के ठीक सामने लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्मित द्वार का लोकार्पण प्रदेश के स्टाम्प एवं पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने भव्य समारोह में किया। सैकड़ों की संख्या में मौजूद गणमान्यजनों की उपस्थिति में गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा के बीच राज्यमंत्री ने पहले शिलापट्ट का अनावरण किया, तत्पश्चात मुख्य मार्ग पर बने द्वार का पर्दा खींचकर देश को समर्पित कर दिया।

इस अवसर पर राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री रवींद्र जायसवाल ने कहा कि शहीद बाबू जगत सिंह काशी की ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण भारत राष्ट्र की अनमोल धरोहर थे, उनकी शहादत की स्मृतियों को नमन करने के उद्देश्य से बने इस द्वार को हम समस्त देशवासियों को समर्पित करते हैं, हर उस शहीद को समर्पित करते हैं जिसने देश की स्वाधीनता में अपना जान न्यौछावर कर दिया। देश की गुलामी का सबसे प्रमुख कारण क्षेत्रवाद, जातिवाद और व्यक्तिवादिता रही, बाबू जगत सिंह ने अट्ठारहवीं शताब्दी में इस बंधन को तोड़ राष्ट्र के लिए अपनी शहादत दी। उन्होंने कहा कि अब फिर से वह समय आ गया है कि सारे देशवासी जाति, क्षेत्र और धर्म से ऊपर उठकर एक सूत्र में पिरोए जाए, अन्यथा फिर से गुलामी की वहीं त्रासदी झेलनी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि काशी की धरती वीरों की धरती रही है,



शहीद बाबू जगत सिंह उनमें से एक थे, उनके इतिहास को खंगाल कर सबके सामने लाने का जो प्रयास जगतगंज राज परिवार द्वारा हुआ है वह ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से काशी में एक शहीद संग्रहालय की स्थापना का प्रस्ताव भी जल्द लाया जाएगा। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत राज परिवार के प्रतिनिधि प्रदीप नारायण सिंह ने किया। विषय स्थापना डॉ. (मेजर )अरविंद सिंह एवं संचालन अशोक आनंद ने किया। इस मौके पर भजन गायिका सुमन अग्रहरि ने भजनों एवं देशभक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियां दी। उन्होंने राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी, दिल दिया है जान भी देंगे, ए वतन तेरे लिए, माँ तुझे सलाम जैसे आदि सुमधुर गीतों से माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर एम.एल.सी. धर्मेंद्र राय, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं एम.एल.सी. हंसराज विश्वकर्मा, पूर्व एम.एल.सी. केदारनाथ सिंह, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, प्रो. चंद्रमौलि उपाध्याय, प्रो. रामचंद्र पाण्डेय, रिसर्च कमेटी की प्रोफेसर राणा पी. बी. सिंह, त्रिपुरारी शंकर(एडवोकेट), डॉ. अरविंद कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार दुबे, केदार तिवारी, अरविंद कुमार सिंह (एडवोकेट) डॉ. आरएन सिंह, डॉ. विक्रमादित्य राय सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गंगा-जमुनी तहजीब, दिल्ली की एकता का प्रतीक : मुख्यमंत्री आतिशी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने शनिवार को महरौली के ऐतिहासिक जहाज महल में फूल वालों की सैर के समापन समारोह में शामिल हुईं और राष्ट्रीय राजधानी की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखने व विविधता में एकता को बढ़ावा देने में इस त्यौहार की भूमिका पर जोर दिया। आतिशी ने कहा, फूल वालों की सैर महज एक त्यौहार नहीं है। यह त्यौहार, दिल्ली की गंगा-जमुनी तहजीब की सदियों पुरानी परंपरा को कायम रखता है और मानवता का संदेश फैलाता है। सभी समुदायों को साथ लाने वाले इस प्रसिद्ध त्यौहार में पूरे भारत से आए कलाकारों ने प्रस्तुति दी और कव्वाली ने माहौल को खुशनुमा बना दिया।

आतिशी ने सभा को संबोधित करते हुए दिल्ली में अपनी बचपन की यादें साझा कीं और शहर की एकजुटता की भावना को रेखांकित किया। दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में पली-बढ़ी आतिशी ने एक ऐसे माहौल का अनुभव किया, जहां विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों के त्यौहार सामूहिक रूप से मनाए जाते हैं। आतिशी के माता-पिता दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर थे। उन्होंने कहा, लंबे समय तक मुझे यह भी नहीं पता था कि कौन सा त्यौहार किस धर्म से संबंधित है।


आतिशी ने समाज में विभाजनकारी प्रवृत्तियों के बीच एकता को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया।

## दार्शनिक मुंबई प्रेस मीडिया अवॉर्ड 2024 से सम्मानित हुए युसुफ मंसूरी

**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी ।** भिवंडी शहर के युवा पत्रकार व समाजसेवक युसुफ मंसूरी हुए दार्शनिक मुंबई प्रेस मीडिया अवॉर्ड 2024 से सम्मानित । बतादें कि मुंबई मलाड वेस्ट के एसपी ऑडिटोरियम हाल में अवॉर्ड शो का प्रोग्राम दादासाहेब फाल्के आइकॉन अवॉर्ड फिल्म्स द्वारा आयोजित किया गया था । इस कार्यक्रम में दो अवॉर्ड शो हुआ एक दार्शनिक मुंबई प्रेस मीडिया अवॉर्ड और दूसरा छत्रपति शिवाजी महाराज गौरव अवॉर्ड । उक्त कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र से लेकर फिल्म जगत के कई नामचीन हस्तियां शामिल हुई जिन्हें अवॉर्ड से सम्मानित किया गया । इसी तरह भिवंडी के युवा पत्रकार व समाजसेवक युसुफ मंसूरी को भी दार्शनिक मुंबई प्रेस मीडिया अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया । बतादें कि फिल्मी दुनिया के मशहूर निमार्ता निर्देशक सुनील दर्शन के हाथों से युसूफ मंसूरी को अवॉर्ड से सम्मानित किया गया । इसी तरह कुछ दिनों पहले भी युसूफ मंसूरी को गुजरात के वापी में दैनिक मुंबई अमरदीप समाचार द्वारा आयोजित समाज रतन अवॉर्ड 2024 से भी मंसूरी को सम्मानित किया गया था । इतना ही नहीं मंसूरी के सामाजिक कार्य की वजह से उन्हें पहले भी कई अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है । इस कार्यकम में भाजपा नेता अभिजीत राणे , फिल्म निमार्ता निर्देशक सुनील दर्शन , भाजपा वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी , मशहूर गायक कुमार शानू , कॉमेडियन अहसान कुरैशी , सुनील पाल , मुंबई स्टाइल के उपसंपादक फरीद शेख कार्यक्रम के आयोजक डीपीआईएएफ के चेयरमैन कल्याणजी जाना समेत अन्य कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे ।









## धनतेरस से प्रारंभ होता है दीपावली पर्व

### 29 अक्टूबर धनतेरस पर विशेष



-रमेश सर्राफ धमोरा

दीपावली का प्रारम्भ धनतेरस से हो जाता है। धनतेरस पूजा को धन्वत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस के दिन नई वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है। धनतेरस का त्योहार दीपावली पर्व के पहले दिन को दर्शाता करता है। यह त्योहार लोगों के जीवन में समृद्धि और स्वास्थ्य लाने के लिए माना जाता है और इसलिए इसे बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। धनतेरस के दिन चांदी खरीदने की भी प्रथा है। अगर सम्भव न हो तो कोई बर्तन खरीदें। इसके पीछे यह कारण माना जाता है कि यह चन्द्रमा का प्रतीक है जो शीतलता प्रदान करता है और मन में सन्तोष रूपी धन का वास होता है।

धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है। शास्त्रों में कहा है कि जिन परिवारों में धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त दीपदान किया जाता है। वहां अकाल मृत्यु नहीं होती। घरों में दीपावली की सजावट भी इसी दिन से प्रारम्भ होती है। इस दिन घरों को लीप-पोतकर, चौक, रंगोली बना सायंकाल के समय दीपक जलाकर लक्ष्मी जी का आवाहन किया जाता है। इस दिन पुराने बर्तनों को बदलना व नए बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। धनतेरस को चांदी के बर्तन खरीदने से तो अत्यधिक पुण्य लाभ होता है। इस दिन कार्तिक स्नान करके प्रदोष काल में घाट, गौशाला, कुआं, बावली, मंदिर आदि स्थानों पर तीन दिन तक दीपक जलाना चाहिए।

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के दौरान अपने घर में 13 दीये जलाना चाहिए और अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। जिसमें से सबसे पहले दक्षिण दिशा में यम देवता के लिए और दूसरा धन की देवी मां लक्ष्मी के लिए जलाना चाहिए। इसी तरह दो दीये अपने घर के मुख्य द्वार पर एक दीया तुलसी महारानी के लिए एक दीया घर की छत पर और बाकी दीये घर के अलग-अलग कोने में रख देने चाहिए। माना जाता है कि यह 13 दीये नकारात्मक ऊर्जा और बुरी आत्माओं से रक्षा करते हैं। धनतेरस का दिन धन्वन्तरि त्रयोदशी या धन्वन्तरि जयन्ती भी होती है। धनतेरस को आयुर्वेद के देवता का जन्म दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन गणेश लक्ष्मी घर लाएं जाते है। इस दिन लक्ष्मी और कुबेर की पूजा के साथ-साथ यमराज की भी पूजा की जाती है। पूरे वर्ष में एक मात्र यही वह दिन है जब मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है। यह पूजा दिन में नहीं की जाती अपितु रात्रि होते समय यमराज के निमित्त एक दीपक जलाया जाता है।

धनतेरस के दिन यमराज को प्रसन्न करने के लिए यमुना स्नान भी किया जाता है अथवा यदि यमुना स्नान सम्भव न हो तो स्नान करते समय यमुना जी का स्मारण मात्र कर लेने से भी यमराज प्रसन्न होते हैं। हिन्दु धर्म की ऐसी मान्यता है कि यमराज और देवी यमुना दोनों ही सूर्य की सन्ताने होने से आपस में भाई-बहिन हैं और दोनों में बड़ा प्रेम है। इसलिए यमराज यमुना का स्नान करके दीपदान करने वालों से बहुत ही ज्यादा प्रसन्न होते और उन्हें अकाल मृत्यु के दोष से मुक्त कर देते है। धनतेरस के दिन यम के लिए आटे का दीपक बनाकर घर के मुख्य द्वार पर रखा जाता हैं। इस दीप को यमदीवा अर्थात यमराज का दीपक कहा जाता है। रात को घर की स्त्रियां दीपक में तेल डालकर नई रूई की बत्ती बनाकर, चार बत्तियां जलाती हैं। दीपक की बत्ती दक्षिण दिशा की ओर रखनी चाहिए। जल, रोली, फूल, चावल, गुड़, नैवेद्य आदि सहित दीपक जलाकर स्त्रियां यम का पूजन करती हैं। चूंकि यह दीपक मृत्यु के नियन्त्रक देव यमराज के निमित्त जलाया जाता है, अतः दीप जलाते समय पूर्ण श्रद्धा से उन्हें नमन तो करें। साथ ही यह भी प्रार्थना करें कि वे आपके परिवार पर दया दृष्टि बनाए रखें और किसी की अकाल मृत्यु न हो। धनतेरस की शाम घर के बाहर मुख्य द्वार पर और आंगन में दीप जलाने की प्रथा भी है।

धनतेरस को मृत्यु के देवता यमराज जी की पूजा करने के लिए संध्या के समय एक वेदी (पाट्टा) पर रोली से स्वास्तिक बनाइये। उस स्वास्तिक पर एक दीपक रखकर उसे प्रज्वलित करें और उसमें एक छिद्रयुक्त कोड़ी डाल दें। अब इस दीपक के चारों ओर तीन बार गंगा जल छिडकें। दीपक को रोली से तिलक लगाकर अक्षत और मिष्ठान आदि चढाएं। इसके बाद इसमें कुछ दक्षिणा आदि रख दीजिए जिसे बाद में किसी ब्राह्मण को दे देवें। अब दीपक पर कुछ पुष्पादि अर्पण करें। इसके बाद हाथ जोडकर दीपक को प्रणाम करें और परिवार के प्रत्येक सदस्य को तिलक लगाएं। अब इस दीपक को अपने मुख्य द्वार के दाहिनी ओर रख दीजिए। यम पूजन करने के बाद अन्त में धनवंतरी पूजा करें। इस प्रथा के पीछे एक लोक कथा है। कथा के अनुसार किसी समय में एक राजा थे जिनका नाम हेम था। दैव कृपा से उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। ज्योतिषियों ने जब बालक की कुण्डली बनाई तो पता चला कि बालक का विवाह जिस दिन होगा उसके ठीक चार दिन के बाद वह मृत्यु को प्राप्त होगा। राजा इस बात को जानकर बहुत दुखी हुआ और उन्होने राजकुमार को ऐसी जगह पर भेज दिया जहां किसी स्त्री की परछाई भी न पड़े। दैवयोग से एक दिन एक राजकुमारी उधर से गुजरी और दोनों एक दूसरे को देखकर मोहित हो गये और उन्होंने गन्धर्व विवाह कर लिया। विवाह के पश्चात विधि का विधान सामने आया और विवाह के चार दिन बाद यमदूत उस राजकुमार के प्राण लेने आ पहुंचे। जब यमदूत राजकुमार प्राण ले जा रहे थे उस वक्त उसकी नवविवाहिता पत्नी का विलाप सुनकर उनका हृदय भी द्रवित हो उठा। परन्तु विधि के अनुसार उन्हें अपना कार्य करना पड़ा। यमराज को जब यमदूत यह कह रहे थे उसी वक्त उनमें से एक ने यमदेवता से विनती की। हे यमराज क्या कोई ऐसा उपाय नहीं है जिससे मनुष्य अकाल मृत्यु के लेख से मुक्त हो जाए। दूत के इस प्रकार अनुरोध करने से यमदेवता बोले हे दूत अकाल मृत्यु तो कर्म की गति है। इससे मुक्ति का एक आसान तरीका मैं तुम्हें बताता हूं सो सुनो। कार्तिक कृष्ण पक्ष की रात जो प्राणी मेरे नाम से पूजन करके दीप माला दक्षिण दिशा की ओर भेट करता है। उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। यही कारण है कि लोग इस दिन घर से बाहर दक्षिण दिशा की ओर दीप जलाकर रखते हैं। चूंकि यह समृद्धि का त्योहार है, इसलिए लोग अपने घरों को भी साफ करते हैं, उन्हें एक नया रंग देते हैं और कई तरह से सजाते हैं। धनतेरस हर किसी को समृद्ध और अच्छे स्वास्थ्य का एहसास कराता है। दीपावाली धन से ज्यादा स्वास्थ्य और पर्यावरण पर आधारित त्योहार है। दीपावली एक ऐसा त्योहार है जिसके अपने पर्यावरणीय निहितार्थ है। मौसम मे बदलाव और दीपपर्व मे घनिष्ठ सम्बन्ध है। इसे समझते हुए कृपया दीपावली पर पर्यावरण को नुकसान पहुचाने वाली गतिविधिया ना करे।

## उत्तरप्रदेश के 9 सीटों के उपचुनाव से मालूम हो जाएगा कि प्रदेश में किस पार्टी में है कितना दम?



अशोक भाटिया

उत्तरप्रदेश में कभी कांग्रेस के रहे वर्चस्व के बाद बारी - बारी से बसपा , सपा और भाजपा का वर्चस्व रहा है । इस समय वहां भाजपा के योगी जी का शासन कायम है पर पिछले 2024 लोकसभा चुनाव में सपा द्वारा 37 सीट जीत लेने के बाद उसका बर्गिन पॉवर बढ़ गया है । आगामी 13 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव में सपा पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) फामूर्ले के साथ लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन करने वाली सपा उपचुनाव को 2027 का सेमीफाइनल मान रही है। यही कारण है कि सपा ने कांग्रेस के दबाव में आए बिना हर सीट पर अपने प्रत्याशियों को पहले ही उतारने की घोषणा कर दी थी । शिवपाल सिंह यादव सहित कई बड़े नेताओं को चुनाव प्रभारी बनाया गया। अब सपा के सामने जहां वर्ष 2022 की जीती हुई सीटों पर अपना प्रदर्शन दोहराने की चुनौती है, वहीं, भाजपा के हिस्से वाली सीटों पर सपा को अपने पिछले प्रदर्शन को सुधारने की चिंता भी।

इस चुनाव में इंडिया गठबंधन की मुख्य पार्टी कांग्रेस उत्तरप्रदेश के इस उपचुनाव में लगभग बाहर हो गई है ,बाकी अब सपा और भाजपा में ही मुख्य मुकाबला होना था पर मायावती की बसपा ने भी इंट्री करली है । वैसे तो बसपा हमेशा उपचुनावों से दूर रहती है पर इस चुनाव वह भी 9 सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ रही है । अब मुकाबला त्रिकोणीय होना तय है। इस चुनाव में बात करे सपा की तो सपा की चिंता इसलिए भी बढ़ी है, क्योंकि पश्चिमी यूपी में पिछली बार उसको रालोद का साथ मिला था। इस बार रालोद भाजपा के साथ है। वहीं, सपा आईएनडीआई गठबंधन में जिस कांग्रेस के साथ लड़ने की सोच रही थी उसका पिछले विधानसभा का प्रदर्शन निराशाजनक था इसी कारण शायद सपा उससे दूर हो गई ।

जिन नौ सीटों पर उपचुनाव होने जा रहा है उसमें भाजपा ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में गाजियाबाद, खैर और फूलपुर जीती थी। मझवां सीट एनडीए गठबंधन की निषाद पार्टी ने जीता था। वहीं, सपा गठबंधन में रहते हुए मीरापुर सीट पर राष्ट्रीय लोकदल ने जीत दर्ज की थी। इस बार राष्ट्रीय लोकदल भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। सपा ने अपने चुनाव चिन्ह पर सीसामऊ, करहल, कटेहरी और कुंदरकी सीट जीती थी। करहल सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के कन्नौज से सांसद बनने के बाद रिक्त हुई है ।करहल जहां सपा के लिए नाक का सवाल बन गई है, वहीं, सीसामऊ, फूलपुर, कुंदरकी और कटेहरी की हार- जीत उनके वरिष्ठ नेताओं का कद भी तय करेगी।

सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव कटेहरी के चुनाव प्रभारी हैं। इस सीट की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ली है। इसी तरह वीरेंद्र सिंह को मझवां, चंद्रदेव यादव को करहल, इंद्रजीत सरोज को फूलपुर और राजेंद्र कुमार को सीसामऊ सीट का प्रभारी बनाया गया है। फूलपुर सीट वर्ष 2012 में सपा जीती थी। हालांकि, वर्ष 2017 में इसे भाजपा ने सपा से छीन लिया था। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में फूलपुर सीट पर भाजपा और सपा के बीच कांटे की टक्कर हुई थी। भाजपा के प्रवीण सिंह पटेल से सपा के मो. मुज्तबा सिद्दीकी केवल 2732 वोटों से हार गए थे। बसपा ने 33 हजार वोट पाकर सपा का खेल बिगाड़ दिया था। कुर्मी बहुल इस सीट पर भाजपा ने फिर से इसी समाज के दीपक पटेल को टिकट दिया है।

सपा ने भी पिछले विधानसभा चुनाव लड़ने वाले अपने प्रत्याशी मो. मुज्तबा सिद्दीकी को फिर मैदान में उतारा है। मीरजापुर की मझवां सीट पर पिछले चुनाव में एनडीए में शामिल निषाद पार्टी के डॉ. विनोद कुमार बिंद को 1,03,235 वोट मिले थे, वहीं, सपा को 69,648 मत प्राप्त हुए थे। इस बार सपा ने बिंद समाज से ही पूर्व सांसद रमेश बिंद की बेटी डॉ. ज्योति बिंद पर दांव लगाया है ।पिछले चुनाव में भाजपा से 33587 वोटों से पिछड़ने वाली सपा के लिए यह सीट किसी चुनौती से कम नहीं है। इसी तरह सपा के लिए गाजियाबाद और खैर सीट पर अपना प्रदर्शन बेहतर करने की चिंता सबसे अधिक है। सपा 2004 के बाद गाजियाबाद सीट पर कभी जीत दर्ज नहीं करा सकी है। 2007 से यह सीट भाजपा का मजबूत किला है। 2022 के चुनाव में भाजपा को इस सीट पर कुल 61.37 प्रतिशत वोट मिले थे, वहीं, सपा को केवल 18.25 और कांग्रेस को 4.81 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे।

करहल विधानसभा सीट से 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव को जीत मिली थी। तब उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार एसपी सिंह बघेल को हराया था। एसपी सिंह बघेल इस बार आगरा संसदीय सीट से चुनाव जीते हैं। करहल समाजवादी पार्टी का गढ़ है और सपा यहां कई बार चुनाव जीत चुकी है ।2022 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को 1,47,237 वोट मिले थे जबकि एसपी सिंह बघेल को 80,455 और बसपा उम्मीदवार कुलदीप नारायण को 15,643 वोट मिले थे। सपा को पूरी उम्मीद है कि वह इस सीट पर फिर से जीत हासिल करेगी। इस बार सपा ने तेज प्रताप यादव, बीजेपी ने अनुजेश यादव और बसपा ने अविनाश कुमार शाक्य को टिकट दिया है। खैर विधानसभा सीट अलीगढ़ जिले में है और यह अनूप प्रधान वाल्मीकि के हाथरस सीट से सांसद चुने जाने की वजह से खाली हुई है। अनूप प्रधान वाल्मीकि यहां से दो बार विधायक रहे और योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। भाजपा के अलावा आरएलडी और बसपा की भी इस सीट पर अच्छी मौजूदगी है। 2022 के विधानसभा चुनाव में अनूप प्रधान वाल्मीकि को 1,38,517, बसपा उम्मीदवार डॉ. चारू कैन को 64,996 और आरएलडी के उम्मीदवार भगवती प्रसाद को 41,154 वोट मिले थे ।खैर में बीजेपी मजबूत है लेकिन बसपा उम्मीदवार के इस बार सपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की वजह से पार्टी के सामने चुनौती खड़ी हुई है। हालांकि भाजपा को भी यहां आरएलडी के कार्यकताओं का समर्थन मिलेगा। खैर में इस बार सपा ने डॉ. चारू कैन, भाजपा ने सुरेंद्र दिलेर और बसपा ने डॉ. पहल सिंह को टिकट दिया है।

मीरापुर विधानसभा सीट मुजफ्फरनगर जिले में है। 2022 के विधानसभा चुनाव में यहां से आरएलडी के टिकट पर लड़े चंदन चौहान चुनाव जीते थे। तब आरएलडी का सपा के साथ गठबंधन था। 2022 के चुनाव में चंदन चौहान को 1,07,124, बीजेपी के उम्मीदवार प्रशांत चौधरी को 79,693 और बसपा के उम्मीदवार मोहम्मद सालिम को 23,733 वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव से पहले आरएलडी ने बीजेपी के साथ हाथ मिला लिया था। इस सीट पर निश्चित रूप से कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा ।मीरापुर सीट पर आरएलडी की ओर से मिथलेश पाल, सपा ने सुम्बुल राणा और बसपा ने शाह नजर को उम्मीदवार बनाया है। सीसामऊ सीट पर सपा की ओर से नसीम सोलंकी, भाजपा ने सुरेश अवस्थी और बसपा ने वीरेंद्र शुक्ला को टिकट दिया है।

कुंदरकी विधानसभा सीट मुरादाबाद जिले में है। यह सीट जिया उर रहमान के लोकसभा चुनाव में संभल सीट से सांसद चुने जाने की वजह से खाली हुई है। इस सीट पर 62% मुस्लिम मतदाता हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में कुंदरकी सीट पर सपा उम्मीदवार जिया उर रहमान को 1,25,465, बीजेपी उम्मीदवार कमल कुमार को 82,467 और बसपा प्रत्याशी मोहम्मद रिजवान को 42,645 वोट मिले थे। कुंदरकी में मुस्लिम मतदाताओं की बड़ी संख्या को देखते हुए भाजपा की कोशिश हिंदू वोटों को एकजुट करने की है। कुंदरकी में भाजपा की ओर से रामवीर सिंह ठाकुर, सपा की ओर से हाजी रिजवान और बसपा के टिकट पर रफतउल्ला चुनाव लड़ रहे हैं।

गाजियाबाद विधानसभा सीट यहां से बीजेपी के स्थानीय विधायक अतुल गर्ग के गाजियाबाद लोकसभा सीट से सांसद चुने जाने की वजह से खाली हुई है। अतुल गर्ग ने 2022 के विधानसभा चुनाव में इस सीट से सपा के उम्मीदवार विशाल वर्मा को 1 लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। अतुल गर्ग को 1,49,841, विशाल वर्मा को 44,452 और बसपा प्रत्याशी कृष्ण कुमार को 32,554 वोट मिले थे। माना जा रहा है कि बीजेपी को इस सीट पर सपा की ओर से बड़ी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ेगा। गाजियाबाद में बीजेपी की ओर से संजीव शर्मा, सपा की ओर से सिंह राज जाटव और बसपा के टिकट पर पीएन गर्ग चुनाव लड़ रहे हैं। प्रयागराज जिले में आने वाली फूलपुर विधानसभा सीट भाजपा के विधायक रहे प्रवीण पटेल के फूलपुर लोकसभा सीट से सांसद चुने जाने की वजह से खाली हुई है। 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार प्रवीण पटेल को 1,03,014, सपा प्रत्याशी मोहम्मद मुजतबा सिद्दीकी को 99,920 और बसपा प्रत्याशी राम तौलन यादव को 32,869 वोट मिले थे। इस सीट पर 2022 की ही तरह बीजेपी और सपा के बीच बेहद नजदीकी मुकाबला रहने की उम्मीद है। फूलपुर में भाजपा ने दीपक पटेल, सपा ने मुस्तफा सिद्दीकी और बसपा ने जितेंद्र ठाकुर को टिकट दिया है।

मझवां विधानसभा सीट मिजार्पुर जिले में है और 2022 में यहां से निषाद पार्टी के विधायक विनोद कुमार बिंद चुनाव जीते थे। बिंद इस बार भदोही लोकसभा सीट से भाजपा के टिकट पर सांसद चुने गए हैं। इस विधानसभा सीट पर अति पिछड़ी जाति के मतदाताओं की संख्या अच्छी खासी है। 2022 में मंझवा से बीजेपी उम्मीदवार रहे डॉ. विनोद कुमार बिंद को 1,03,064, सपा उम्मीदवार रोहित शुक्ला को 69,091, बसपा प्रत्याशी पुष्पलता बिंद को 52,825 वोट मिले थे। इस सीट पर बीजेपी के लिए जीत दर्ज करना बहुत मुश्किल नहीं माना जा रहा है। मझवां में बीजेपी ने सुचिस्मिता मौर्या, सपा ने ज्योति बिंद और बसपा ने दीपू तिवारी को टिकट दिया है। सीसामऊ विधानसभा सीट कानपुर जिले में है। 2022 के चुनाव में सपा के टिकट पर जीते इरफान सोलंकी को आगजनी के एक मामले में 7 साल कैद की सजा सुनाने के बाद उन्हें विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इरफान सोलंकी तीन बार सपा के टिकट पर विधायक रहे हैं। सपा ने इस बार इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को उम्मीदवार बनाया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में इरफान सोलंकी को 78,851, बीजेपी उम्मीदवार सलिल बिश्नोई को 66,530 और बसपा उम्मीदवार रजनीश तिवारी को 2891 वोट मिले थे। भाजपा को इरफान सोलंकी के इस किले में छेद करने के लिए पूरी ताकत के साथ उतरना होगा ।सीसामऊ सीट पर सपा की ओर से नसीम सोलंकी, भाजपा ने सुरेश अवस्थी और बसपा ने वीरेंद्र शुक्ला को टिकट दिया है। अब यह तो 23 नवंबर को तय होगा कि किसमे कितना है दम और तय करेगा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में किसकी राह होगी आसान।

## महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा और मीडिया की भूमिका



महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा आज के समाज का एक गंभीर और संवेदनशील मुद्दा है। यह समस्या न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। शारीरिक, मानसिक,यौन, भावनात्मक,और साइबर उत्पीड़न जैसी हिंसाओं का सामना महिलाओं को हर दिन करना पड़ता है। महिलाओं के अधिकारों और उनके सम्मान की सुरक्षा के लिए भले ही कई कानून और नीतियां बनाई गई हों, लेकिन इस समस्या का समाधान आज भी दूर की कौड़ी लगता है। इस संदर्भ में, मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मीडिया समाज का दर्पण माना जाता है ।जो हमें रोजमर्रा की घटनाओं से अवगत कराता है और सामाजिक मुद्दों को प्रमुखता से उठाता है। महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा के मुद्दे पर मीडिया की भूमिका इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि वह इस विषय पर जागरूकता फैलाने,पीड़िताओं को न्याय दिलाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अहम योगदान दे सकता है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा कोई नई समस्या नहीं है ।बल्कि यह लंबे समय से समाज का हिस्सा रही है। घरेलू हिंसा से लेकर बलात्कार, यौन उत्पीड़न,एसिड अटैक,ऑनर किलिंग, दहेज हत्या, और अब साइबर अपराध जैसे नए रूपों में यह समस्या सामने आ रही है। जैसे घरेलू हिंसा महिलाओं के खिलाफ सबसे आम और छिपी हुई हिंसा का रूप है। यह हिंसा न केवल शारीरिक रूप में होती है ।बल्कि मानसिक और भावनात्मक उत्पीड़न भी इसमें शामिल होता है। महिलाओं को पति, ससुराल वालों या कभी-कभी अपने ही परिवार के अन्य सदस्यों से हिंसा का सामना करना पड़ता है। भारत में घरेलू हिंसा कानून के बावजूद, महिलाएं अक्सर इसे रिपोर्ट करने से कतराती हैं ।क्योंकि इसे समाज में परिवार की इज्जत से जोड़ा जाता है। बलात्कार और यौन उत्पीड़न जैसे अपराधों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह हिंसा महिलाओं के आत्मसम्मान, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा आघात करती है। एक समाज के रूप में हमारी विफलता यह है कि हम पीड़िता पर ही सवाल उठाते हैं। उसके चरित्र को दोषी ठहराते हैं। जबकि अपराधी खुली हवा में घूमते हैं। तकनीकी प्रगति के साथ, साइबर स्पेस में भी महिलाओं के खिलाफ हिंसा के नए रूप सामने आए हैं। ऑनलाइन उत्पीड़न, ट्रोलिंग, साइबर बुलिंग, महिलाओं की आपत्तिजनक तस्वीरों या वीडियोज को बिना सहमति के पोस्ट करना।और उन्हें सोशल मीडिया पर धमकाना आम हो गया है। साइबर अपराध की शिकार महिलाएं अक्सर मानसिक तनाव, अवसाद और आत्महत्या तक के कगार पर पहुंच जाती हैं। भारत में दहेज प्रथा और ऑनर किलिंग जैसी समस्याएं अब भी महिलाओं के खिलाफ हिंसा के प्रमुख कारणों में से एक हैं। दहेज के कारण महिलाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है ।और कई बार उन्हें जलाकर मार भी दिया जाता है। वहीं, ऑनर किलिंग समाज की खोखली मान्यताओं और पितृसत्ता के कारण होती है ।जहां महिलाओं को अपनी पसंद से शादी करने की सजा दी जाती है। यदि हिंसा के कारण की बात करें को निम्नलिखित बातें उभर कर सामने आती है। उसमें सबसे प्रमुख पितृसत्तात्मक समाज है, हमारे समाज में पितृसत्तात्मक ढांचा आज भी मजबूत है। महिलाओं को पुरुषों के अधीन और उनकी संपत्ति के रूप में देखा जाता है। यही मानसिकता हिंसा का कारण बनती है। शिक्षा की कमी व शिक्षा का अभाव भी महिलाओं के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा देता है। अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे लोग अक्सर महिलाओं को समान अधिकार देने के विचार को स्वीकार नहीं कर पाते। वही कानून का कमजोर कार्यान्वयन भले ही हमारे देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून हैं ।लेकिन उनका कार्यान्वयन कमजोर है। अपराधियों को सजा देने में देर होती है। जिससे न्याय प्रणाली पर सवाल उठते हैं और अपराधी बेखौफ हो जाते हैं। समाज में विकृत मानसिकता भी कई बार समाज की मानसिकता ही महिलाओं के प्रति हिंसा को बढ़ावा देती है। उदाहरण के लिए, महिलाओं के पहनावे, उनकी स्वतंत्रता और उनके निर्णयों को लेकर समाज में आलोचना की जाती है। ऐसे में मीडिया, जिसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है ।का समाज पर गहरा प्रभाव होता है। यह न केवल घटनाओं की जानकारी देता है, बल्कि समाज को जागरूक करता है और सोचने का तरीका बदलता है। महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा के संदर्भ में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जैसे- सूचना का प्रसार और जागरूकता के रूप में देखें तो मीडिया की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका सूचना का प्रसार और जागरूकता फैलाने की है। जब मीडिया हिंसा की घटनाओं को प्रमुखता से रिपोर्ट करता है, तो यह समाज को उस घटना से अवगत कराता है। इसके साथ ही, मीडिया का काम लोगों को जागरूक करना भी है। ताकि वे महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा को पहचान सकें और उसके खिलाफ आवाज उठा सकें। इसके साथ ही साथ पीड़िता की पहचान की सुरक्षा को ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। अक्सर यह देखा गया है कि मीडिया हिंसक घटनाओं को सनसनीखेज तरीके से प्रस्तुत करता है। जिससे पीड़िता की पहचान और गरिमा खतरे में पड़ जाती है। विशेष रूप से यौन हिंसा के मामलों में, मीडिया को पीड़िता की पहचान गोपनीय रखनी चाहिए और रिपोर्टिंग में संवेदनशीलता बरतनी चाहिए तथा चरित्र हनन से बचाव करना चाहिए। वह किसी पीड़िता का चरित्र हनन न करे। महिलाओं के खिलाफ हिंसा की रिपोर्टिंग करते समय, मीडिया को उनके चरित्र पर सवाल उठाने या उनकी व्यक्तिगत जिंदगी में झांकने से बचना चाहिए और सकारात्मक कहानियों का प्रसार करें। मीडिया को केवल हिंसा की घटनाओं को रिपोर्ट करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसे महिलाओं की सकारात्मक कहानियों को भी प्रमुखता से दिखाना चाहिए। ऐसी कहानियां, जो महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके संघर्ष और उनकी उपलब्धियों को उजागर करती हैं। समाज में एक सकारात्मक प्रभाव डालती हैं और महिलाओं के प्रति सम्मान को बढ़ावा देती हैं। वर्तमान समय मे सोशल मीडिया का युग चल रहा है और यह एक सशक्त माध्यम बन चुका है। यहां पर हिंसा के खिलाफ तेजी से अभियान चलाए जा सकते हैं और महिलाओं के समर्थन में आवाज उठाई जा सकती है। मीडिया को सोशल मीडिया का सकारात्मक तरीके से उपयोग करना चाहिए ताकि महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें और उनके खिलाफ हो रही हिंसा पर रोक लग सके इसके अलावा मीडिया को जिम्मेदारी से रिपोर्टिंग करनी चाहिए। इसे सनसनीखेज बनाने की बजाय, उसे तथ्यों पर आधारित और संतुलित रिपोर्टिंग करनी चाहिए। मीडिया को हिंसक घटनाओं की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए उन्हें प्रस्तुत करना चाहिए, ताकि समाज में सही संदेश जा सके और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैल सके। अक्सर यह भी देखने को मिलता है कि मीडिया और संवेदनशीलता की कमी के कारण मीडिया की आलोचना की जाती है। वह कई बार महिलाओं के खिलाफ हिंसा को सनसनीखेज तरीके से प्रस्तुत करता है। जैसे कि- हिंसा की घटनाओं का गलत चित्रण प्रस्तुत करते है ।कुछ मीडिया चैनल या प्रकाशन हिंसा की घटनाओं को इस तरह प्रस्तुत करते हैं कि वे पीड़िता को दोषी ठहराने या घटना को महज मनोरंजन के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश करते हैं। इससे समाज में हिंसा के प्रति संवेदनशीलता कम होती है और पीड़िताओं को न्याय मिलने में मुश्किल होती है। कई बार मीडिया बिना तथ्यों की पुष्टि किए फर्जी खबरें चलाता है। जिससे न केवल पीड़िता की छवि खराब होती है, बल्कि समाज में गलत धारणाएं भी बनती हैं। मीडिया को सटीक और तथ्यों पर आधारित रिपोर्टिंग करने की जरूरत है ताकि समाज में सही संदेश जा सके। अगर मीडिया हिंसक घटनाओं को केवल सनसनीखेज खबर के रूप में प्रस्तुत करता है ।तो इससे समाज में यह धारणा बन सकती है कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा कोई बड़ी बात नहीं है। इससे समाज में संवेदनशीलता की कमी हो सकती है। हाल के वर्षों मीडिया ने कई सकारात्मक कदम भी उठाए हैं ।जिससे महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मुद्दों को सही ढंग से उठाया गया है। उदाहरण के लिए निर्भया कांड (2012), दिल्ली में हुए इस जघन्य अपराध के बाद मीडिया ने इस घटना को प्रमुखता से उठाया और पूरे देश में इसके खिलाफ गुस्से की लहर दौड़ गई। मीडिया की रिपोर्टिंग ने सरकार को इस मुद्दे पर सख्त कानून बनाने के लिए मजबूर किया।

**लेखक- अजीम सिद्दीकी (पत्रकार)**

## भारत-जर्मनी के निरंतर प्रगाढ़ हो रहे द्विपक्षीय सम्बन्धों के अंतर्राष्ट्रीय निहितार्थ को ऐसे समझिए

भारत दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस तरह से यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को द्विपक्षीय चिंता का विषय बताया और वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानूनों पर आधारित राजनीतिक समाधान की वकालत की, उसका अपना कूटनीतिक महत्व है। भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय सम्बन्ध वैसे नहीं हैं, जैसे भारत और फ्रांस के हैं, भारत और इजरायल के हैं, भारत और जापान के हैं या फिर भारत और ऑस्ट्रेलिया के हैं। यही नहीं, भारत और जर्मनी के आपसी सम्बन्ध भारत और अमेरिका या भारत और इंग्लैंड जैसे भी नहीं हैं। इसलिए भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत बनाना दोनों देशों के नेतृत्व के लिए बहुत जरूरी है। बहुचर्चित तानाशाह हिटलर की भूमि जर्मनी में भारत और भारतीयों की दिलचस्पी स्वाभाविक है। जर्मनी से भारत के प्रगाढ़ रिश्ते इसलिए भी जरूरी हैं, ताकि पारस्परिक कारोबार बढ़े और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत को एक और दिलाजिज मित्र का साथ मिले, उसी तरह से जैसे कि फ्रांस देता आया है। हालांकि, गत दिनों भारत के दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इंडिया के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच जो रणनीतिक बातचीत हुई है, उससे इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि जर्मनी का नेतृत्व भी वैश्विक नजाकत और जरूरत को देखते हुए भारत के प्रति अपने पुराने रुख में बदलाव ला रहा है, जिससे दोनों देशों को फायदा होगा। वास्तव में, फोकस ऑन इंडिया और लेबर स्ट्रैटिजी नाम से जारी दो जर्मन रिपोर्ट्स में इस बात का जिक्र किया जा चुका है कि जर्मनी में भारतीय मूल के ढाई लाख लोग हैं, जिनमें छात्र और स्किल्ड प्रोफेशनल्स शामिल हैं। हालिया वर्षों में यह संख्या दुगुनी हुई है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने इसे समझा है और भारत के दौरे के क्रम में कहा भी है कि दुनिया में हमें मित्रों और सहयोगियों की आवश्यकता है- जैसे भारत और जर्मनी हैं। प्रिय मोदी जी, नई दिल्ली में स्नेहपूर्वक स्वागत के लिए दिल से धन्यवाद। चूंकि जर्मनी में भारत से नजदीकी सम्बन्धों पर पार्टी लाइन से अलग सामूहिक राजनीतिक सोच सामने आई है। क्योंकि दोनों देशों के बीच माइग्रेशन रिश्तों की अहम कड़ी बनकर उभरा है। इसलिए दोनों देशों के बदलते और नव प्रगाढ़ हो रहे द्विपक्षीय सम्बन्धों के अंतर्राष्ट्रीय निहितार्थ को समझने की जरूरत है।

पहला, भारत और जर्मनी के बीच 18 डाक्यूमेंट्स पर साझा सहमति बनी है। जिसमें म्युचुअल लीगल असिस्टेंट इन क्रिमिनल मैटर्स, क्लासिफाइड इन्फॉर्मेशन, ग्रीन हाइड्रोजन रोड मैप, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पर रोड मैप, श्रम और रोजगार, अडवांस मटीरियल्स में रिसर्च एंड डिवेलपमेंट को लेकर सहयोग, ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पार्टनरशिप, के साथ स्किल डिवेलपमेंट और वोकेशनल एडुकेशन एंड ट्रेनिंग में सहयोग सहमति बनी है, जिससे न सिर्फ दोनों देश लाभान्वित होंगे बल्कि समकालीन विश्व के देशों को भी इससे फायदा पहुंचेगा। क्योंकि भारत हमेशा तीसरी दुनिया के देशों यानी ग्लोबल साउथ की बात करता आया है। वहीं, भारत दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस तरह से यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को द्विपक्षीय चिंता का विषय बताया और वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानूनों पर आधारित राजनीतिक समाधान की वकालत की, उसका अपना कूटनीतिक महत्व है। वहीं, उनका यह कहना कि 20वीं सदी में स्थापित वैश्विक मंच 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम नहीं हैं। इसलिए सुरक्षा परिषद सहित विभिन्न बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की आवश्यकता है। एक बात और, समसामयिक दुनिया जिस तरह से तनाव, संघर्ष और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, उसके दृष्टिगत भी हिन्द प्रशांत क्षेत्र में कानून के शासन और नौवहन की स्वतंत्रता को लेकर गम्भीर चिंताएं हैं। ऐसे समय मे भारत और जर्मनी के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत सहारे के रूप में उभरी है। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मनी से घोषित 'फोकस ऑन इंडिया' रणनीति का स्वागत करते हुए कहा है कि, 'मुझे खुशी है कि अपनी साझेदारी को विस्तार देने और बढ़ाने के लिए हम कई नई और महत्वपूर्ण पहल कर रहे हैं। क्रिटिकल और इमर्जिंग टेक्नॉलजी, स्किल डिवेलपमेंट और इनोवेशन पर सरकार की अप्रोच को लेकर सहमति बनी है। इससे एआई (अक) सेमीकंडक्टर और क्लीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बल मिलेगा। वहीं, रक्षा क्षेत्रों में बढ़ता सहयोग गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। वहीं, पीएम ने गोपनीय सूचनाओं (क्लासिफाइड इन्फर्मेशन) पर सामने आए समझौतों को बेहद अहम बताया। जबकि साझा लीगल असिस्टेंट ट्रीटी को आतंकवादी और अलगाववादी तत्वों से निपटने की दिशा में अहम कदम करार दिया। साथ ही कहा कि ग्रीन और सस्टेनेबल ग्रोथ के साझा कमिटमेंट पर दोनों देश लगातार काम कर रहे हैं। इसके तहत दोनों देशों ने ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पार्टनरशिप के दूसरे दौर पर सहमति बनाई है। दोनों देशों ने ग्रीन हाइड्रोजन रोडमैप भी लॉन्च किया। बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जर्मनी की कंपनियों को देश में आमंत्रित करते हुए ठीक ही कहा कि निवेश के लिए भारत से बेहतर कोई जगह नहीं है और देश की विकास गाथा का हिस्सा बनने का यह सही समय है। उन्होंने 'एशिया पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस' के 18वें सम्मेलन में कहा कि विदेशी निवेशकों के लिए भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनना, 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' पहल में शामिल होने का यह 'सही' समय है। जर्मनी ने भारत के कुशल वर्क फोर्स में जो विश्वास जताया है, वह अद्भुत है। इस यूरोपीय देश ने कुशल भारतीय वर्क फोर्स के लिए वीजा की संख्या 20,000 से बढ़ाकर 90,000 करने का निर्णय लिया है। मोदी ने आगे यह भी कहा कि, भारत वैश्विक व्यापार और मैन्युफैक्चरिंग का केंद्र बन रहा है। यह आज डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी, डिमांड और 'डेटा' के मजबूत स्तंभों पर खड़ा है। भारत सड़कों और बंदरगाहों में रेकॉर्ड निवेश कर रहा है। साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र और दुनिया के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि जर्मन प्रतिनिधिमंडल को भारत की संस्कृति, भोजन और खरीदारी का भी आनंद लेना चाहिए। ताकि दोनों देश और उसके लोग एक दूसरे से भावनात्मक रूप से जुड़ सकें।

बकौल मोदी, भारत और जर्मनी के बीच वर्तमान में द्विपक्षीय व्यापार 30 अरब डॉलर से अधिक है। जर्मनी की कई कंपनियां भारत में काम कर रही हैं, जबकि भारतीय कंपनियां भी जर्मनी में अपनी उपस्थिति बढ़ा रही हैं। वहीं, चांसलर शोल्ज ने प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में कहा कि हमारी सरकार भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (FTA) की बातचीत में तेजी लाने की कोशिश कर रही है। अगर मिलकर काम करें तो यह काम महीनों में पूरा हो सकता है। हमारी सरकार ने हाल में कुशल भारतीय कर्मचारियों को जर्मनी बुलाने की रणनीति पर सहमति जताई है। इससे स्पष्ट है कि कारोबारी समझौते पर तेजी लाने की कोशिश में जर्मनी है, जो सराहनीय कहा जा सकता है। यह भारत के दूरगामी हित में है। यदि जर्मनी से हमारे सम्बन्ध फ्रांस की भांति प्रगाढ़ होते हैं तो इससे यूरोपीय संघ के साथ भारत के रिश्ते को जीवंतता मिलेगी और चीन व अरब देशों पर मनोवैज्ञानिक दबाव भी पड़ेगा।

- कमलेश पांडेय

## गोवर्धन पूजा व दीपावली स्नेह सम्मेलन को सफल बनाने के लिए यादव समाज भिवंडी द्वारा विशेष सभा का आयोजन



**आचार्य सूरजपाल यादव/भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** यादव समाज भिवंडी द्वारा 3 नवंबर को होने वाले गोवर्धन पूजा व दीपावली स्नेह सम्मेलन की रूपरेखा व कार्यक्रम की जिम्मेदारियों लेकर विशेष सभा का आयोजन शिवराम नगर कामतघर स्थित राधा कृष्णा विद्यालय पर संपन्न की गयी । बतादें कि यादव समाज भिवंडी द्वारा विद्यालय प्रांगण में इस प्रकार का यह पहला कार्यक्रम होने जा रहा है जिसे भव्यता व सफल तरीके से आयोजित करने के लिये समाज द्वारा लोगों को उनकी जिम्मेदारियाँ दी गयी । इस विशेष सभा की अध्यक्षता यादव समाज भिवंडी के अध्यक्ष डाक्टर एन एल यादव ने किया । उक्त अवसर पर यादव समाज के सचिव आर एल यादव , कोषाध्यक्ष विजयबहादुर यादव , कार्यक्रम नियोजन समिति के अध्यक्ष मंगेश यादव , समाजसेवक पी डी यादव , मनोज यादव , चंद्रभान यादव , डा. बृजेश यादव , लल्लन यादव , अवधनारायण यादव , पवन यादव (चनीर्पाडा) , आचार्य सूरजपाल यादव , संतलाल यादव , सुभाष यादव , मनीष यादव , पवन यादव (कारीवली) आदि लोग उपस्थित थे ।

## भाजपा उम्मीदवार राजन नाईक ने शक्ति प्रदर्शन के साथ किया नामांकन



**नालासोपारा (उत्तर शक्ति)।** नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र से राजन नाईक ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और पालघर सांसद डॉ. हेमंत सावरा मौजूद रहे । राजन नाईक ने विश्वास जताया कि वह 1 लाख अधिक वोटों से नालासोपारा विधानसभा 132 में जीत दर्ज करेंगे। विधानसभा क्षेत्र पालघर जिले का सबसे बड़ा निर्वाचन क्षेत्र है। इस निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या अब 6 लाख तक पहुंच गई है। इस संसदीय क्षेत्र में उत्तर भारतीयों का वोट शेयर भी ज्यादा है. महायुति द्वारा यह सीट बीजेपी को दिए जाने के बाद विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। विधानसभा क्षेत्र पालघर जिले का सबसे बड़ा निर्वाचन क्षेत्र है। महायुति द्वारा यह सीट बीजेपी को दिए जाने के बाद पहली ही सूची में राजन नाईक के नाम की घोषणा की गई थी। राजन नाईक ने शुक्रवार दोपहर 12 बजे अपना नामांकन पत्र दाखिल किया । इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और पालघर सांसद डॉ. हेमंत सावरा, पालघर लोकसभा प्रभारी रानी द्विवेदी , मनोज बारोट , नविन दुबे , नेहा दुबे , जेपी सिंह , अनिल पांडे सहित और कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महाराष्ट्र में पूर्ण बहुमत के साथ बनेगी महायुती सरकार: विधायक सुशील सिंह



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** सैयद राजा, चंदौली के लोकप्रिय बीजेपी विधायक सुशील कुमार सिंह का कल अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, मुंबई की तरफ से उपाध्यक्ष भाई ठाकुर संतोष (राज) सिंह के अंधेरी पूर्व कार्यालय पर स्वागत और सम्मान रखा गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के मुंबई अध्यक्ष ठाकुर अमर बहादुर सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर ओम प्रकाश सिंह, वैवाहिक प्रकोष्ठ के प्रमुख ठाकुर बब्बन सिंह, ठाकुर रवि सिंह, शैलेंद्र सिंह, अजय सिंह, उमेश मिश्रा समेत समाज के गणमान्य लोग इकट्ठा हुए । इस अवसर पर बोलते हुए विधायक सुशील सिंह ने कहा कि हमें संगठित रहने की आवश्यकता है। किसी भी कीमत पर हमारे वोटो का बंटवारा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता पूर्ण महाराष्ट्र की लोक कल्याणकारी योजनाओं का आम जनता को लाभ मिला है। महाराष्ट्र में फिर से महायुती सरकार का बनना तय है। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मुंबई के उपाध्यक्ष तथा प्रवक्ता ठाकुर उग्रसेन सिंह ने किया।

## बादाम की ताकत से दिवाली मनाएं सेहतमंद तरीके से

**मुंबई/पटना।** दिवाली एक ऐसा खूबसूरत त्योहार है, जिसमें लोग रोशनी और खुशियों के साथ मिलकर जश्न मनाते हैं। लेकिन इस दौरान हम मीठी चीजें, तले हुए स्नैक्स और ज्यादा काबोर्हाइड्रेट वाले खाने का थोड़ा ज्यादा आनंद ले लेते हैं। इससे वजन बढ़ने और ब्लड शुगर बढ़ने का खतरा रहता है। इसलिए सेहत का ध्यान रखते हुए खाने की सही चीजें चुनना बहुत जरूरी हो जाता है, ताकि जश्न का मजा भी बना रहे और आपकी सेहत भी। दिवाली के दौरान भी आप सेहत से समझौता किए बिना त्योहार का आनंद उठा सकते हैं। बस कुछ पौष्टिक विकल्प अपनाने की जरूरत है। बादाम एक ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जिसे आप अपने खाने में शामिल कर सकते हैं। बादाम में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और हेल्दी फैट्स होते हैं, जो आपकी सेहत को बनाए रखते हैं। यह वजन और ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मददगार होता है। जोश और उत्साह को बनाये रखने के साथ-साथ यह लंबे समय तक भूख को नियंत्रित करने में फायदेमंद। इस दिवाली, पौष्टिक और स्वादिष्ट विकल्पों को अपनाकर सेहतमंद तरीके से त्योहार का आनंद लें। बादाम जैसे नट्स न केवल स्वादिष्ट हैं, बल्कि आपकी सेहत का भी ख्याल रखते हैं।

# कल्याण ग्रामीण में महाविकास अघाड़ी की परिवर्तन अभियान रैली को भरपूर प्रतिसाद

**चेतन निर्मल संवाददाता**
**डोंबिवली (उत्तरशक्ति)।** कल्याण ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से महा विकास अघाड़ी के उम्मीदवार सुभाष गणु भोईर के प्रचार के लिए डोंबिवली शहर में महा विकास अघाड़ी की ओर से परिवर्तन अभियान रैली आयोजित की गई, जिसे नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद मिलता हुआ नजर आया। डोंबिवली के अयोध्या नगर से शुरू होकर महावीर नगर, गांधीनगर सुभाष डेयरी, राही पार्क, महावीर हॉस्पिटल, पीएनटी कॉलोनी, गांधीनगर चौक, गणेश नगर, आइकॉन हॉस्पिटल, आनंदनगर, पांडुरंग वाडी, मॉडल गली से



धर्मवीर आनंद दिघे पब्लिक लाइब्रेरी तक रैली निकाली गई। इस दौरान महा विकास अघाड़ी के उम्मीदवार सुभाष गनु भोईर और पदाधिकारियों का सभी स्थानों पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

इस अभियान दौर में वरिष्ठ नागरिकों, दुकानदारों, फेरीवालों, बिल्डिंग के निवासियों से मुलाकात कर महाविकास अघाड़ी की भूमिका समझाई गई। पिछले ढाई वर्षों में महायुति द्वारा किए गए विश्वासघात और धोखाधड़ी को दूर करने के लिए महाविकास अघाड़ी की सरकार बनाने के लिए उम्मीदवार सुभाष भोईर को जिताने की अपील मतदाताओं से की गई। इस प्रचार रैली में कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की। रैली में संपर्क संघटिका मृणाल यज्ञेश्वर, जिला संघटिका वैशाली दरेकर, कल्याण ग्रामीण संपर्क प्रमुख अरविंद बिरमोले, शहर प्रमुख अभिजीत सावंत, युवा सेना जिला अधिकारी प्रतीक पाटिल, उप शहर प्रमुख वैकोले, शहर संघटिका मंगला सुले, उप शहर संघटिका स्मिता पाटिल, शुभदा देसाई, उप विभाग प्रमुख जगदीश जुलुम, विभाग प्रमुख मंगेश मोरे, उप विभाग प्रमुख रेवणकर, शाखा प्रमुख मंगेश सरमालकर, सागर पाटिल, वंदना बेल्हेकर इत्यादि उपस्थित थे.

## बांद्रा टर्मिनस पर घायल यात्रियों को लेकर रेल मंत्री पर निशाना



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने आज बांद्रा टर्मिनस पर हुई भगदड़ के चलते घायल उत्तर भारतीय रेल यात्रियों को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पर निशाना साधा है। पार्टी प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा कि यह घटना साफ तौर पर रेलवे प्रशासन की लापरवाही के चलते हुआ है। सबको मालूम है कि इस समय दीपावली और छठ त्यौहार के चलते उत्तर प्रदेश और बिहार की तरफ जाने वाली गाड़ियों में भारी भीड़ है।

इसके बावजूद रेल प्रशासन ने रेल यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने की दिशा में किसी प्रकार की सतर्कता नहीं बरती। देश में रेल दुर्घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। आए दिन रेल यात्रियों की जान जा रही है, परंतु रेल मंत्री महाराष्ट्र चुनाव में प्रदेश प्रभारी बनकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू त्योहारों को देखते हुए पर्याप्त संख्या में स्पेशल गाड़ियां चलानी चाहिए थी। परंतु रेल मंत्री को रेल यात्रियों से ज्यादा भाजपा प्रत्याशियों की चिंता है।

## साईं पुण्यतिथि उत्सव के अवसर पर भंडारे का आयोजन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** श्री सिद्धि सागर संस्था और श्री साईं सेवाकरी न्यास वर्ली की ओर से, श्री साईं पुण्यतिथि उत्सव के अवसर पर श्री सत्यनारायण की महा पूजा, साईं भंडारे का आयोजन किया गया। सिने अभिनेता और शिवसेना पार्टी (शिवसेना बालासाहेब ठाकरे समूह) के महासचिव सुशांत शेलार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जहां उनका सत्कार संस्था की ओर से राजेंद्र ए खानविलकर ने शॉल, श्रीफल एवं तुलसी देकर किया। इसी प्रकार बालगोविंद तिवारी, तन्मय गोले, संदीप देशपांडे और संतोष धुरी (मनसे) नेता, सुनील शिंदे, विधायक विधान परिषद, महेश सावंत, हरेश्वर, वर्ली कर विभाग के प्रमुख एवं पूर्व महापौर श्रीमती हेमांगी वर्लीकर सहित सभी गणमान्य व्यक्तियों का अभिनंदन व सत्कार किया गया। संगठन के सचिव विनायक पाटिल, श्रीयाल तोडणकर सेवाकरी ट्रस्ट के सचिव, सर्व मंदिर सेवाकरी और महिला मंडल, बिल्डिंग के सभी रहिवासियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सराहनीय योगदान दिया।

## कल्याण में आयोजित हुआ संविधान अमृत महोत्सव समारोह

### केंद्रीय मंत्री आठवले, विधायक विश्वनाथ भोईर की प्रमुख उपस्थिति

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर कल्याण में संविधान अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यूनाइटेड बुद्धिस्ट एंड अंबेडकराइट फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास आठवले, कल्याण पश्चिम के विधायक विश्वनाथ भोईर, वरिष्ठ विचारक किरण सोनवणे आदि शामिल हुए।

भारतीय संविधान और इसके निमार्ता डॉ.बाबासाहेब अम्बेडकर का अध्ययन पूरी दुनिया में किया जाता है। संविधान ने दुनिया की सबसे बड़ी सफल लोकतांत्रिक व्यवस्था के निर्माण का काम किया है। साथ ही इस मौके पर मुख्य अतिथियों ने इस बात की सराहना की, कि संविधान ने देश के सामान्य नागरिक से लेकर सर्वोच्च व्यक्ति तक को समान अधिकार प्रदान किये हैं। इस अवसर पर विधायक विश्वनाथ भोईर ने कहा कि इसी संविधान के कारण हम विधायक बने हैं।

इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रत्येक गणमान्य



व्यक्तियों द्वारा डॉ.बाबा साहब अम्बेडकर द्वारा लिखित संविधान की प्रति वितरित की गयी। माता रमाबाई अंबेडकर की पहली भव्य प्रतिमा के लिए जगह उपलब्ध कराने के लिए यूनाइटेड बुद्धिस्ट एंड अंबेडकराइट फाउंडेशन की ओर से विधायक विश्वनाथ भोईर को धन्यवाद दिया गया।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले, विधायक विश्वनाथ भोईर, शिवसेना शहर प्रमुख रवि पाटिल, रिपाई के वरिष्ठ नेता अन्ना रोकड़े, भीमराव डोलस, बालाराम जाधव, प्रदीप जगताप, अजय सावंत सहित बौद्ध और अंबेडकरवादी फाउंडेशन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में अंबेडकरी अनुयायी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## महिलाओं की हल्दी कुमकुम कार्यक्रम में लगे नरेंद्र मेहता के समर्थन में नारे

**भायंदर (उत्तरशक्ति)।** शांतिविहार महिला मंडल के द्वारा प्रीति मोदी की अध्यक्षता में आयोजित हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने अनेकों गीत संगीत के साथ आनंद लिया। एवं एक दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाकर शुभकामनाएं दिये । इस अवसर पर मिराभाईंदर शहर के पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए आगामी विधानसभा के चुनाव में पूर्ण समर्थन करने का निवेदन किये, जिसे सभी उपस्थित महिलाओं ने नरेंद्र मेहता को आगामी विधानसभा चुनाव में पूर्ण समर्थन करने का भरोसा दिलाते हुये.. मेहता जी आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ हैं, के नारे लगाते हुए कार्यक्रम को



सफल बनाया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगरसेवक अनिल विरानी, नगरसेविका सीमा शाह नगरसेविका रेखा विरानी, राधा नाडार ,वनाजा देवाडिगा, जिग्ना शाह, मोना पांचाल, संगीता सिंह, सुनील जैन, नरेश जैन, प्रदीप पवार, प्रेम भाई पटेल, ओधव पटेल, शरद प्रजापति, आनंद पटेल, डॉ पंकज मिश्र, सुमित सिंह,नीरज दुबे, रुषभ पोद्दार, सौरभ शर्मा, एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनायें। भाजपा जिला उपाध्यक्ष तथा पूर्व सभापति मनोज रामनारायण दुबे ने नरेंद्र मेहता की तरफ से समस्त महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मंत्री चव्हाण की मौजूदगी में सैकड़ों उत्तर भारतीयों का भाजपा में प्रवेश

**डोंबिवली(उत्तरशक्ति)।** राज्य के लोक निर्माण मंत्री रवींद्र चव्हाण के मिलनसार स्वभाव से प्रभावित होकर डोंबिवली पश्चिम के मोठा गांव और जैन कॉलोनी के सैकड़ों उत्तर भारतीय भाइयों ने रविवार को सार्वजनिक रूप से भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया। इन सभी के आग्रह पर राज्य भर में चुनाव प्रचार में व्यस्त मंत्री चव्हाण इन सभी के लिए मौजूद रहे

कल्याण ग्रामीण विधानसभा महासचिव नंदू परब ने बताया कि कार्यक्रम मराठा मंडल संस्था के सभागार में संपन्न हुआ जिसमें प्रवेश करने वाले प्रमुख कार्यकताओं में

अनिल मिश्रा, अंबिका सिंह, ओम प्रकाश, विश्वकर्मा श्रीराम



मिश्रा, कृष्णा मिश्रा, उमेश मिश्रा, दिनेश मिश्रा, राघवेंद्र मिश्रा, अजय शुक्ला, अभिषेक मिश्रा, अभिषेक सोनू, अभिषेक सिंह, नवीन शर्मा, विकास प्रजापति, दर्शन पाटिल सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी शशिकांत कांबले, कल्याण जिला महासचिव नंदू परब, दत्ता मालेकर, रविसिंह ठाकुर, संदीप शर्मा, दिनेश दुबे, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत मालकर, मितेश पेनकर बाला पवार आदि उपस्थित थे। मंत्री चव्हाण ने इस प्रवेश के संबंध में कुछ महीनों के विशेष प्रयासों के लिए नंदू परब, रविसिंह ठाकुर, संदीप शर्मा, दिनेश दुबे की विशेष रूप से सराहना की। संगठन को मजबूत करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है और आए हुए सभी लोगों का स्वागत है और मार्गदर्शन किया गया कि पार्टी में एक मन से काम करके शत-प्रतिशत भाजपा को जताना ही लक्ष्य है।

## शिवतेज मित्र मंडल व अरोग्य संपदा आयुर्वेदिक सेंटर द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** शिवतेज मित्र मंडल व अरोग्य संपदा आयुर्वेदिक सेंटर बोईसर की तरफ से शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024 को सुबह 10 बजे शाम 6 बजे तक पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत धर्मनगरी आजाद नगर में स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर एवं शीतला माता मंदिर के सभागार में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन वेलनेस कोच व हेल्थ एडवाइजर डॉ.योगेश बनकर तथा उनकी टीम की उपस्थिति में किया गया। वेलनेस कोच व हेल्थ एडवाइजर डॉ.योगेश बनकर, अरोग्य संपदा आयुर्वेदिक सेंटर बोईसर के संचालक वसंत बोरूडे व सहयोगी राजेंद्र पाटील की विशेष उपस्थिति में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण आयुर्वेदिक पद्धति से किया गया तथा सभी मरीजों का ईलाज भी आयुर्वेद पद्धति के द्वारा किया गया। शिविर में शामिल लोगों की मधुमेह, पथरी, संधिवात,थायराइड, अस्थमा, बालों के झड़ना, बवासीर, एसिडिटी, मासिक धर्म, महिला विकार, त्वचारोग आदि बीमारियों की जांच



कर संबधित रोगियों को ईलाज हेतु मुफ्त सलाह के अलावा आयुर्वेदिक दवाएं भी दी गई। इस शिविर को सफल बनाने में स्वास्थ्य जांच शिविर के मुख्य आयोजक काशी विश्वनाथ मंदिर एवं शीतला माता मंदिर के संस्थापक, केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन अध्यक्ष, शिवतेज मित्र मंडल अध्यक्ष व भाजपा नेता तुलसीराम केवट, किशोर जाधव, उदयराज शुक्ला, सर्वेश सिंह व धर्मेंद्र शाह आदि का विशेष योगदान रहा।

## अखिल उत्तर भारतीय एकता मंच के सत्या श्रीकांत तिवारी भाजपा में हुए शामिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका था। इस दौरान अनेक राजनीतिक दलों में पलायन शुरू हो चुका है। इसी कड़ी में घाटकोपर के जाने माने उत्तर भारतीय नेता और अखिल उत्तर भारतीय एकता मंच के अध्यक्ष सत्या



श्री कांत तिवारी बड़ी संख्या में उत्तर भारतीयों के साथ विधायक राम कदम के नेतृत्व में भाजपा में शामिल हो गए।उत्तर भारतीय समुदाय में इसे लेकर खुशी का वातावरण है। अखिल उत्तर भारतीय एकता मंच ने ऐलान किया है कि इस बार भी राम कदम को भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा में भेजा जाएगा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में अखिल उत्तर भारतीय एकता मंच, मुंबई के अध्यक्ष सत्या श्रीकांत तिवारी अपने सहयोगियों नगरसेवक सूर्यकांत दादा गवली, अशोक दुबे, संजय गणेश सिंह, रज्जाक भाई सेकडा,राजदीप यादव समर्थकों के साथ राम कदम के साथ मैत्री ग्रुप अपना ग्रुप घाटकोपर से जुड़े हर समुदाय के लोग साथ ही सभी ने भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण की। सत्या श्रीकांत तिवारी के बीजेपी में जाने और विधायक राम कदम का चुनाव में साथ देने की घोषणा के बाद उत्तर भारतीय समुदाय में हर्षोल्लास है।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* संरक्षकः सुरेश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
* प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालयः
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक) नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37







**स्वामी- शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति** द्वारा एस.आर. पब्लिकेशन मोहन अर्जुन कम्पाउंड गोडाउन नं.-08,09,10 नियर घर्टनपाड़ा वैशाली नगर लास्ट बस स्टाफ दहिसर (ई.) मुंबई 400068 से मुद्रित एवं 103, प्रथम फ्लोर बी विंग एयरपोर्ट ब्यू सी.एच.एस. लि. वीर मकरन्द घानेकर मार्ग आजाद रोड फायर विग्रेड विले पारले (ई.) जिला मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित। **RNI NO. MAHHIN/2018/76092** ***संपादक- ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति,** इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016 * मो.- 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com,**

# जगह जगह खोदी गई सड़कों पर सांसद ने जताई नाराजगी

## जिला स्तरीय समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। जिला स्तरीय समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सांसद सदर बाबू सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में तथा सह अध्यक्ष सांसद मछलीशहर सुश्री प्रिया सरोज, राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त मनरेगा से मनरेगा अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों, भुगतान आदि की समीक्षा की गई। उपायुक्त मनरेगा को निर्देश दिया गया कि ग्राम पंचायतवार किए गए कार्य, भुगतान, मानक के सम्बन्ध में विस्तृत रिपोर्ट दे। इस दौरान अध्यक्ष द्वारा एक्सईएन सिंचाई से नहरो में पानी की उपलब्धता तथा साफ-सफाई के सन्दर्भ में जानकारी लेते हुए निर्देश दिया गया कि सील्ट सफाई के पश्चात टेल तक पानी पहुंचाने के साथ ही नहरों के किनारे साफ-सफाई तथा झाड़ियों की कटाई के निर्देश दिए। डीसीएनआरएलएम से सक्रिय समूहो के सन्दर्भ में जानकारी ली और समूहो की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री आवास के सन्दर्भ में जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि पात्र लोगों को लाभ दिलाये और पात्रों का नाम सर्वे में दर्ज कराते हुए अन्तिम सूची फाइनल करने से पहले सूची को जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। अध्यक्ष द्वारा जल जीवन मिशन (शहरी, ग्रामीण) के तहत जगह-जगह खोदी गयी सड़कों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए रिस्टोर कराने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही



सभी घरो तक पेयजल पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया जाए। कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपनिदेशक कृषि को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संतृप्त किसानों की सूची उपलब्ध कराये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सा व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि अस्पतालों में साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, मरीजों से अच्छा व्यवहार एवं डाक्टर की नियमित उपस्थित होनी चाहिए। मुंगराबादशाहपुर में महिला चिकित्सक की नियुक्ति करने के निर्देश दिये गये। शाहगंज में हेल्थ एटीएम ठीक कराने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही पीएचसी सुईथाकला में एक्सरे मशीन जो विगत कई वर्षो से टेक्निशियन के अभाव में अनुपयोगी पड़ा हुआ है। उसे उपयोगिता में लाने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के जीर्णोद्धार कराने के निर्देश दिये गए। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने कहा कि समस्त अधिकारी जनप्रतिनिधियों के नम्बर अपने फोन में सुरक्षित रखे तथा उनके कॉल का प्रत्युत्तर अवश्य दे। विधायक जफराबाद जगदीश नारायण राय, केराकत तूफानी सरोज, शाहगंज रमेश सिंह, मड़ियाहूं डा0 आर के पटेल, सहित अन्य जिले स्तरीय अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्य सूचना आयोग ने तहसीलदार मड़ियाहूं पर सूचना न देने पर लगाया 25 हजार का जुर्माना

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। अपीलकर्ता रमेश चन्द्र यादव एडवोकेट ने रजिस्ट्रार उत्तर प्रदेश सूचना आयोग, गोमती नगर, लखनऊ तथा जन सूचना अधिकारी कार्यालय तहसीलदार, मडियाहूँ, जौनपुर जिला अधिकारी से सूचना के अधिकार के तहत सूचना मांगी की उपर्युक्त शिकायत/अपील का विनिश्चय, सुनवाई कक्ष संख्या एस-6 अजय कुमार उप्रेती, राज्य सूचना आयुक्त की पीठ द्वारा किया जा चुका है, जिनके द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 20 (1) के अधीन, जन सूचना अधिकारी पर मु० 25000 रु०/ का अर्थदण्ड अधिरोपण किया गया है। उ०प्र० सूचना का अधिकार नियमावली, 2015 के नियम 12 के अर्न्तगत पुनर्विलोकन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। जो आयोग के द्वारा दिनांक 12/02/2024 को निरस्त किया है एवं पूर्व है। आयोग के आदेश दिनांक 12/02/2024 एवं 06/06/2023 की प्रति संलग्न हो मे अधिरोपित अर्थदण्ड को यथावत रखा गया। आयोग के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु पुर्व में अर्थदण्ड वसूली पत्र-पंत्राक 6931 दिनांक 23/08/2023 प्रेषित किया गया थाकिन्तु अभी तक अनुपालन आख्या प्राप्त नहीं है। आयोग द्वारा पारित आदेश दिनांक 12/02/2024 एवं 06/06/2023 का आदेश सलंग्न है। उ०प्र० सूचना का अधिकार नियमावली, 2015 के तहत सम्बन्धित जनसूचना अधिकारी का नियन्त्रण प्राधिकारी होने के नाते अधिरोपित अर्थदण्ड की वसूली का उत्तरदायित्व आपका है। अतः आप उपर्युक्त आदेश का अनुपालन करते हुए सम्बन्धित तत्कालीन जन सूचना अधिकारी/कार्यालय जन सूचना अधिकारी/कार्या.-तहसीलदार, तहसील मडियाहूँ, जौनपुर। के वेतन से अधिरोपित अर्थदण्ड की वसूली कराया जाना सुनिश्चित करें। उपर्युक्त अर्थदण्ड की धनराशि की कटौती आदेश में दिये गये निदेशी के अनुसार कर के वसूल की गई धनराशि को निम्नलिखित लेखा शीर्ष में जमा करने का आदेश दिया है।

# प्रशासन के हरकत में आते ही जमैथा गांव में चकमार्ग बनाने का काम शुरू

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। जफराबाद थाना क्षेत्र के जमैथा गांव में चक मार्ग के विवाद ने शनिवार रात को काफी बवाल मचाया। लेकिन अब मामला सुलझ गया है और चक मार्ग बनाने का काम शुरू हो गया है। गांव के शिवपुर पुरवा में लगभग डेढ़ सौ घर हैं।जिनकी आबादी करीब 700 है। हाल ही में गांव में हुई चकबंदी में शिवपुर पुरवा के लिए चक मार्ग की जमीन दे दी गई थी।जिससे गांव के लोग आ- जा रहे थे। लेकिन गांव के ही चंद्रेज यादव ने इस चक मार्ग को जोतकर खत्म कर दिया। साथ ही क्लेम किया कि यह जमीन उनकी है। इससे आक्रोशित ग्रामीण शनिवार को सैकड़ों की संख्या में प्रधान अमरसेन यादव के साथ थाने पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई। थानाप्रभारी ने देर शाम को राजस्व टीम के साथ मौके पर जाकर चक मार्ग की नापी की, जिसमें चंद्रेज यादव ने सहयोग किया। आखिरकार, देर रात को मामला सुलझा और सुबह चक मार्ग बनाने का काम शुरू कर दिया गया। प्रधान अमरसेन यादव ने बताया कि कुछ महीने पहले चकबंदी के बाद गांव की चक मार्ग को निर्धारित किया गया था। लेकिन विवाद के चलते काम रुक गया था। इस पूरे मामले में चंद्रेज यादव ने कहा कि जमीन की पैमाइश गलत तरीके से हुई है और सही से नाप करवाने पर वह अपना दावा छोड़ने को तैयार हैं। थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद नाप का काम शुरू करवा दिया। चक मार्ग से ग्रामीणों को आने-जाने में काफी सहूलियत होगी।


# केराकत पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। थाना केराकत पुलिस टीम द्वारा एक वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।पुलिस अधीक्षक जौनपुर, डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं आपराधियों की गिरफ्तारी हेचु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण में थाना केराकत पुलिस टीम द्वारा प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 285/24 धारा 296/351(1)/352/64/74 बीएनएस तथा 3/4 पाक्सो एक्ट थाना केराकत जनपद जौनपुर में वांछित अभियुक्त अर्पित उर्फ प्रियांशु चौबे पुत्र पप्पू चौबे निवासी तरियारी थाना केराकत जनपद जौनपुर को दिनांक 27.10.2024 को समय 07.10 बजे ग्राम तरियारी से गिरफ्तार किया गया अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय जौनपुर किया गया। अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्त- अर्पित उर्फ प्रियांशु चौबे पुत्र पप्पू चौबे निवासी तरियारी थाना केराकत जनपद जौनपुर उम्र करीब 22 वर्ष।

# मदरसा हनफिया में ग्यारहवीं शरीफ का आयोजन

**बख्तियार आलम संवाददाता**

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। शनिवार की देर शाम को मोहल्ला नवाब साहब का आहता स्थित मदरसा हनफिया में ग्यारहवीं शरीफ का आयोजन पीरान-ए-पीर दस्तगीर हजरत शेख अब्दुल कादिर जिलानी गौस-ए-पाक की ग्यारहवीं शरीफ अकीदत और खुलूस के साथ मनाई गई। फातिहाख्वानी के बाद मुल्क में अमन चैन की दुआएं मांगी गई। देर रात तक चली जश्ने गौसुलवरा की महफिल में नात पेश कर समा बांध रखा। शनिवार की देर शाम को मदरसा हनफिया में ग्यारहवीं शरीफ का आयोजन मौलाना मोहिउद्दीन अहमद हेसाम साहब की सरस्पती में किया गया। फातिहाख्वानी के बाद मुल्क की खुशहाली, सलामती की दुआ कराई गई। जलसे की शुरूआत कारी सब्बीर अहमद चिश्ती ने कलामे रब्बानी से किया इस अवसर पर हजरत मौलाना ख़्तीबे अहले सुन्नत अब्दुल समद जियाई



नेकहा कि अल्लाह ने पीरान-ए-पीर दस्तगीर हजरत शेख अब्दुल कादिर जिलानी गौस-ए-पाक को गौसियत (वलियों का सरदार) का मुकाम दिया है। गौस पाक के बताए हुए रास्ते पर चलने की नसीहत दी और नमाज के बारे में तफसील से बयान किया कहां की नमाज ही हर मसले का हल है पाबंदी ए वक्त के साथ नमाज को हर शख्स को पढ़ना चाहिए हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलेह वसल्लम के बताए हुए रास्ते पर चलकर दुनिया में तरक्की का रास्ता चुने व कौम की भलाई के लिए काम करें इस मौके पर नात खवा हमीद खेतासराय, हारून रजा, अखलाक रजा ने नाते नबी का नजराना पेश कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। निजामत महशर अली ने किया जलसा गौसुल वारा खत्म होने के बाद आए हुए लोगों में तबर्रुक वितरित किया गया।

# जिलाधिकार ने सिरकोनी के ग्राम हौज स्थित शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को किया नमन

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा



विकासखंड सिरकोनी के ग्राम हौज स्थित शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को नमन किया गया।

शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदो के बलिदान को याद करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा शहीदों के बलिदान, उनके गौरव गाथा को याद करने के लिए जिस प्रकार से विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे है इससे आमजन तथा आने वाली पीढ़ी में त्याग समर्पण और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत होगी। क्षेत्र के युवाओं को देश के लिए बलिदान होने वाले इन शहीदों से प्रेरणा लेनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि उन्होंने जौनपुर के इतिहास में इस गांव के बारे में पढ़ा था यहां आकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। इसके उपरान्त उन्होंने उपस्थित ग्राम वासियों में मिठाई भी वितरित की।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर पवन सिंह, तहसीलदार सहित ग्राम प्रधान और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जेसीआई युवा की कार्यकारणी घोषित, अश्वनी अध्यक्ष व आबिश चुने गए उपाध्यक्ष

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर के एक होटल में जेसीआई युवा का



चुनाव संपन्न हुआ चुनाव चेयरमैन जेसी मीरा अग्रहरि की देख रेख में शांतिपूर्ण तरीके से आगामी 2025 के लिए सर्वसम्मति से कार्यकारणी घोषित की गई जिसमें अध्यक्ष जेसी अश्वनी केसरवानी को चुना गया। उपाध्यक्ष जेसी अधिवक्ता आबिश, इमाम सनी, जेसी अमन अस्थाना, जेसी अमन साहू, जेसी श्रेयस जैसवाल, जेसी सर्वेश सिंह और जेसी मोहित श्रीवास्तव सचिव पद पर, जेसी राहुल प्रजापति एवं कोषाध्यक्ष जेसी स्वतंत्र मौर्य को निर्वाचित किया गया है। निर्वाचित समस्त पदाधिकारियों को सभी जेसी मेंबर जेसी चेतना जे कॉम चेयरमैन इत्यादि ने भविष्य की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

# हरहुआ के काजीसराय में 51 फीट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा का हुआ अनावरण

वाराणसी,(उत्तरशक्ति)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान रविवार को एयरपोर्ट रोड स्थित हरहुआ के काजीसराय क्षेत्र में 51 फीट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके उपरांत उन्होंने परिक्रमा करते हुए विधि-विधान से बजरंगबली की पूजा-अर्चना की। जय हनुमान श्री पीठ ट्रस्ट द्वारा स्थापित इस भव्य प्रतिमा को राजस्थान के कारीगरों ने दो साल में तैयार किया है। मुख्यमंत्री ने काशीवासियों के लिए आस्था के इस प्रतीक को समर्पित किया।



# डीएम ने क्रॉप कटिंग कराकर उत्पादकता का किया अवलोकन

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र द्वारा रविवार को सिरकोनी क्षेत्र के हौज गांव निवासी कृषक बबऊ सिंह के खेत मे लगी धान फसल की क्रॉप कटिंग का अवलोकन कर उत्पादकता का हाल जाना। प्राप्त रेण्डम नम्बम के खसरा में 10गुणे10गुणे10 के त्रिभुज क्षेत्रफल 43.33 वर्गमीटर की कटाई कराकर तौल करवाई गई जिसमें 20.06 किग्रा उत्पादन प्राप्त हुआ।

इस प्रकार एक हेक्टेयर की उत्पादकता 46.138 कुन्तल प्रति हेक्टेयर प्राप्त हुई। इस मौके पर उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने कहा कि सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए ऑन लाईन क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट एप से हर राजस्व गाँव की क्रॉप कटिंग कराकर औसत उत्पादन का आकलन करती है औसत उत्पादन से उत्पादकता कम आने पर फसल बीमा कंपनी द्वारा बीमित कृषकों को क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराती है। इस महत्वपूर्ण कार्य मे राजस्व एवं कृषि विभाग समन्वय स्थापित कर हर गांव में प्राप्त रेण्डम नम्बम के खसरे से क्रॉप कटिंग कराते है ताकि आकलन करके किसानों को क्षतिपूर्ति दिलाई जाती है।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर पवन कुमार सिंह, तहसीलदार, उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव, राजस्व लेखपाल एवं बीमा कंपनी के प्रतिनिधि सहित विनोद कुमार, रामजीत, बीरेंद्र आदि किसान मौजूद रहे।

# संस्कृत विद्यालय एवं महाविद्यालय की छात्रवृत्ति योजना का हुआ शुभारंभ

## वैदिक मित्रों एवं मंगलाचरण से गूंजा जिलाधिकारी कार्यालय

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों एवं जिलाधिकारी द्वारा छात्रों को प्रतीकात्मक चेक वितरण किया गया। जनपद के करीब 80 संस्कृत विद्यालयों और महाविद्यालयों में



एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना के शुभारंभ के सजीव प्रसारण को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य अतिथि माननीय राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव, जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र सहित उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्रगणों की उपस्थिति में देखा गया।इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव द्वारा अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति धनराशि खाते में आरटीजीएस के माध्यम से वितरित किया गया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में संस्कृत विद्यालय में अध्ययनरत प्रथमा से लेकर आचार्य तक के छात्रों को छात्रवृत्ति वितरण किया गया है।आज जनपद के संस्कृत विद्यालयों के करीब 5609 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति धनराशि वितरित किया गया है। निश्चित रूप से यह देश की संस्कृति को, हमारी भाषा संस्कृत को और मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने इसके लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार भी जताया और कहा कि छात्रवृत्ति के माध्यम से छात्रों को साहस व संभल प्रदान किया गया है इसके लिए उन्होंने उपस्थित छात्रों को शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने भी छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपनी भाषा, अपनी संस्कृति को संरक्षित करने की बात कही। डॉ ज्ञान प्रकाश मिश्रा प्राचार्य श्री उमा महेश्वर संस्कृत महाविद्यालय कोल की अध्यक्षता में छात्रों द्वारा मंगलाचरण एवं स्वस्तिवाचन किया गया इस दौरान कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, जिला समन्वयक डॉ0 राजन सिंह, प्रधानाचार्य आचार्य डॉ.ज्ञान प्रकाश मिश्र, डॉ. रामचंद्र चौबे, के के पांडेय, राकेश तिवारी, सुभाष चंद्र चौबे, दिनकर पांडेय, दिवाकर मिश्र, कन्हैयालाल पांडेय, शिवकुमार, शिवनारायण मिश्रा, डॉ रवि मिश्रा अमित पाण्डेय, राजेश श्रीवास्तव ओम प्रकाश मिश्रा, प्रमोद मिश्र, धर्मेंद्र तिवारी, राकेश तिवारी, केशवानंद शुक्ला, सुरेंद्र दुबे, प्रवेश विश्वकर्मा, सत्य प्रकाश सिंह, राम सहाय यादव, सुधीर द्विवेदी, शिवकुमार विश्वकर्मा एवं संस्कृत पटल सहायक संतोष उपाध्याय, प्रवीण उपाध्याय, राकेश यादव, प्रभात उपाध्याय एवं समस्त कर्मचारी गण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# पौध लगाने के साथ-साथ उसकी सुरक्षा का भी ध्यान दें: विजय सिंह विद्यार्थी

खेतासराय(जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। विकास खण्ड शाहगंज सोंधी क्षेत्र के अंतर्गत स्थित ग्रामसभा भदैला में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शाहगंज सोंधी ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि व भाजपा नेता विजय सिंह विद्यार्थी की अध्यक्षता में सकुशल सम्पन्न हुआ। इस दौरान क्षेत्र के भदैला ग्राम सभा में 50 से अधिक पौध से पौधरोपण किया गया। इस दौरान उक्त भाजपा श्री सिंह ने कहा कि एक वृक्ष दस पुत्र के समान है। पौधरोपण कार्यक्रम में जन-जन को सहभागिता करनी चाहिए। इस बात पर भी जोर देते हुए कहा कि पौध लगाना आवश्यक है,



के साथ-साथ उसकी सुरक्षा भी अति आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ. शशांक शेखर मिश्रा, क्षेत्र पंचायत सदस्य मोहम्मद वाकिब, पूर्व प्रधान कृष्णनाथ मिश्रा, उमेश सिंह, शिव शंकर प्रजापति, शशि प्रकाश मिश्रा, सूर्यभान मौर्या, ओम प्रकाश तिवारी, उदय नारायण सिंह, गौतम सिंह, सोमनाथ सिंह समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# बालिका महोत्सव के दौरान बेटियों ने रैली निकाल कर प्रदेश में शराब बिक्री पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने की रखी मांग

## नशा, घरेलू हिंसा, बालिका यौन हिंसा, लैंगिक भेदभाव पर हुई सभा

वाराणसी,(उत्तरशक्ति)। जनपद के राजातालाब में उत्तर प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी की मांग को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में सैकड़ों लड़कियां और महिलाएं बैनर, झंडे लेकर सड़क पर उतरीं। आराजी लाइन ब्लाक के कई गांव से आई सैकड़ों किशोरी लड़कियां और महिलाएं भीखमपुर गांव से कोइली पुल बाजार तक रैली निकाली। आशा ट्रस्ट और लोक समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शराब बंदी के लिए तख्ती, बैनर लिए महिलाएं और लड़कियां शराब बिक्री पर रोक लगाओ। शराब पीना बंद करो,




शराब बेचना बंद करो, आदि के जोरदार नारे लगाए। लोगों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से यूपी में पूर्ण शराब बंदी की मांग की। रैली के बाद कोइलीपुल बाजार में बालिका महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां लड़कियों ने नशा, घरेलू हिंसा, बालिका यौन हिंसा, लैंगिक भेदभाव पर सभा और सांस्कृतिक कार्यक्रम किया।

मिशन शक्ति अभियान राजातालाब थाने से आई एस आई मानसी यादव ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा और मदद के लिए आपातकालीन 1090 की जानकारी दी।

### ऊर्जा मंत्री के मीटिंग का नहीं दिख रहा असर

# योगी बाबा का भी आदेश भूल जाते हैं बिजली विभाग के अधिकारी

**डॉ.एस.के.मिश्र ज़िला संवाददाता**

वाराणसी,(उत्तरशक्ति)। वाराणसी जनपद के गोइठहा पावर हाउस फीडर के अंतर्गत आने वाले नेहा नगर और सत्यम नगर के कई घरों के ऊपर से 11000 वोल्टेज का करेंट कुछ दूरी से गुजर रहा है मोहल्ले वासियो को आये दिन दुर्घटना का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। शिकायत के बावजूद पावर हाउस के अधिकारी इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं



उठा रहे हैं। जिससे क्षेत्र वासियो में आक्रोश व्याप्त है। बिजली विभाग की उदासीनता और जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी ने क्षेत्र वासियो की समस्याओं को बढ़ा दिया है। क्षेत्र की जनता के द्वारा भी बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारी को अवगत कराया गया उसके बावजूद भी बिजली विभाग के अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं क्षेत्र के निवासी जल्द से जल्द समस्या का समाधान चाहते हैं।


कार्यालय
उत्तरशक्ति (हिन्दी दैनिक)
निकट- हुमा मस्जिद वार्ड नम्बर-35, मुफ्ती मोहल्ला
जनपद- जौनपुर (उ0प्र0)- 222001
कार्यालय 9695970605
मुख्यालय 9554493941
E-mail: uttarshaktijaunpur7066@gmail.com
विज्ञापन, सूचना सम्बन्धित खबरों के लिए सम्पर्क करें।
Website-www.uttarshakti.co.in
YouTube UTTAR SHAKTI TV NEWS
हर खबर निष्पक्षता के साथ


# गुमशुदा बच्ची को 4 घण्टे में उसके माता पिता को किया सुपुर्द

**रियाजुल हक ज़िला क्राइम रिपोर्टर,** जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। रविवार को एक बच्ची जिसकी उम्र लगभग चार साल थी, थाना लाइनबाजार पर एक व्यक्ति द्वारा लाया गया तथा बताया गया कि यह अपना घर भूल गयी है, सड़क पर घूम रही है। तत्पश्चात थाना पुलिस द्वारा बच्ची की गुम होने के सम्बन्ध में मिडिया के माध्यम से प्रचार -प्रसार कराया गया। लगभग 4 घण्टे बाद बच्ची के माता पिता थाने पर उपस्थित आये तथा उनके द्वारा अपना नाम अनिल पटेल पुत्र राधेश्याम पटेल निवासी ग्राम गोधना थाना लाईन बाजार जौनपुर व नेहा पटेल पत्नी अनिल पटेल निवासी उपरोक्त बताया और बच्ची का नाम अद्रिका पटेल उम्र लगभग 4 वर्ष बताया। बच्ची द्वारा अपने माता नेहा पटेल व अपने पिता अनिल पटेल को पहचानने के उपरान्त बच्ची को उनकी सुपुर्दगी में दिया गया। परिजन बच्ची को पाकर प्रसन्न हुए एवं पुलिस को उनके द्वारा आभार प्रकट किया गया।



## उम्मीद एक नयी किरण एनजीओ ने महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरुक



मुंबई(उत्तरशक्ति)।उम्मीद एक नयी किरण NGO के आठवें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर महिला मंडल स्कूल कुर्ला पश्चिम में आए दिन हो रहे महिलाओं, लड़कियों के उपर अत्याचार, दुर्व्यवहार, बलात्कार उत्पीड़न को देखते हुए संस्था ने फैसला किया कि हम अपने स्थापना दिवस पर जरूरत मंद लड़कियों को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देंगे और साथ में शिक्षा, खेल कूद तथा पर्सनल लाइफ में जरूरत के कुछ समान गिफ्ट के तौर पर दिया गया। फुटबाल, बैडमिंटन, पानी के बोतल, सेनेटरी पैड और दिवाली के शुभ अवसर है मिठाइयां देकर उनके साथ खुशियां बाटी गयी। यह पल हमेशा उनके साथ रहे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के पल्लवी पुजारी और सभी कर्मचारियों ने हमारी टीम को बढ़ावा दिया। उम्मीद एक नयी किरण एनजीओ उनको सदा सहीयोग करती रहेंगी। एनजीओ के चेयरमैन संजय यादव, राहुल यादव, रूपा सिंह, लक्ष्मण पेनडेकर, संतोष कॉम्प्ले, पूजा रुपानी, सरिता यादव, पिंटु राम, रीता कोठारी, रमेश पेनडेकर, अंजली गोनकर, निकीता जाधव, गोल्डीराय, विनायक सिंह, संतोष गोंड, डॉ महाजन, साधना मदत, पल्लवी मैडम, हीरा और अन्य सदस्यों के उपस्थित रहे।

## प्रयागराज फाउंडेशन के सदस्यों ने चलाया जागरूकता अभियान

प्रयागराज (उत्तरशक्ति)। फाफामऊ प्रयागराज रविवार को प्रयागराज फाउंडेशन ट्रस्ट की तरफ से अगामी दीपावली त्यौहार के पर्व का महत्व बताते हुए त्यौहार पर ज्यादा आवाज वाले पटाखे का इस्तेमाल न करने एवं शांति ढंग से दीपावली पर्व को मनाने को लेकर ट्रस्ट के सदस्यों ने गंगापार के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया। बच्चों को पटाखे न जलाने की अपील करते हुए दीप प्रज्वल कर शांतिपूर्ण ढंग से दीपावली मनाने की अपील की। इस मौके पर राज कुमार प्रजापति, संजना सिंह, संदीप सिंह, सुदामा देवी, राजेन्द्र प्रसाद, दीपक कुमार सहित ट्रस्ट के दर्जनो सदस्य मौजूद रहे।

## भाईदूज पर मुलुंड में कुश्ती मुकाबला




मुंबई। जय मल्हार कुश्ती उत्सव मंडल जय हनुमान व्यायाम शाला एवम मुलुंड सिटीजन चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में लगातार 55वां कुश्ती मुकाबला भाईदूज के पावन पर्व पर रविवार 3 नवंबर 2024 को सायंकाल 5 बजे से शिवाजी चौक मैदान गुरूगोविंद सिंह मार्ग मुलुंड कालोनी पर आयोजित किया गया है। मुंबई के पुर्व महापौर स्व.आर.आर. सिंह के द्वारा 55 वर्ष पुर्व शुरूआत की गई यह परंपरा निर्बाध रूप से चल रही है। जिसमें संपूर्ण महाराष्ट्र के नामचीन पहलवान हिस्सा लेते हैं। आयोजक डॉ.आर.आर. सिंह एवम राजन उटवाल ने सभी पहलवानों एवम कुश्ती प्रेमियों से इस अवसर पर उपस्थित रहने की अपील की है।

## केन्वी के नये डिजाइनर केटलॉग का लोकार्पण



मुंबई। दीपावली के पावन अवसर पर केन्वी 'ए हाऊस बेड' का बेड मेन्यूफेक्चर का मैगजीन अहमदाबाद से आया है। सी ए पब्लिकेशन के ललीत टी जैन ने बताया कि पहली बार इस टाईप का इंटेल स्टेंडर्ड का केटलॉग आया है। इसका विमोचन मुंबई के जवेरी बाजार स्थित खाऊ गल्ली में हुआ। कार्यक्रम में व्यापारियों की भीड़ व्यापक थी। सभी उपस्थित व्यापारियों, समाजसेवियों और समर्थकों के प्रति ललीत जैन ने आभार व्यक्त किया।

## जे.बी. फाउंडेशन टिटवाला द्वारा आयोजित माता की भव्य चौकी टिटवाला



मुंबई। शनिवार के दिन दीपावली के शुभ अवसर पर जे.बी.फाउंडेशन टिटवाला द्वारा अयोजित माता की भव्य चौकी का आयोजन किया गया पता- रिजेंसी सर्वम,क्लब हाउस, टिटवाला(पूर्व) समय-शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक माता रानी के भजन, कीर्तन जय माता दी के जगारो के साथ झूम उट्टे माता रानी के भक्त और माता रानी की आरती के साथ समाप्त हुई। इस मौका पर सुखबिंदर सिंह (लाला भाई), जय हिंद कुमार प्रजापति (अक्षय प्रजापति), देवदास मुराजन, गिरीश पाठक समेत अन्य माता रानी के भक्त भी मौजुद रहे और समाप्ति के बाद सभी माता रानी के भक्तों के लिए महाप्रसाद और भोजन का भी आयोजन किया गया। आए हुए सभी माता रानी भक्तों को शॉल और पुष्पगुच्छ देकर सत्कार किया गया और सभी ने एक दूसरे को मिलकर धनतेरस, दीपावली की शुभकामनाएं दी गई।

## आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए अपने तिमाही नतीजों की घोषणा की

पटना। आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए अपने तिमाही नतीजों की घोषणा की। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 39 प्रतिशत की साल दर साल मजबूत वृद्धि के साथ 1,868 करोड़ रहा। परिचालन लाभ 45 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि करते हुए 3,006 करोड़ हो गया। एनआईएम 4.87 प्रतिशत दर्ज किया गया, और शुद्ध ब्याज आय 26 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि के साथ 3,875 करोड़ रही। जमा की लागत क्यू2-2025 के लिए 4.66 प्रतिशत रही, जबकि क्यू2-2024 के लिए यह 4.22 प्रतिशत थी।

# सीएम योगी ने की संस्कृत छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत, जारी किए 5.86 करोड़, कई बच्चों को सौंपा चेक

-सुरेश गांधी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिवाली से पहले उत्तर प्रदेश संस्कृत परिषद के छात्रों को बड़ा गिफ्ट दिया है. रविवार को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में ह्लसंस्कृत छात्रवृत्ति योजनाह्व की शुरूआत की. प्रदेश के संस्कृत के विद्यार्थियों को पहली बार एकसाथ छात्रवत्ति योजना का लाभ मिल रहा है. इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 69,195 विद्यार्थियों को 586 लाख रुपये की छात्रवृत्ति का वितरण का ऐलान किया. जबकि विश्वविद्यालय में 12 बच्चों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान की। उन्होंने कहा कि कल तक 69,195 छात्रों के बैंक अकाउंट में छात्रवृत्ति की धनराशि पहुंच जाएगी. मुख्यमंत्री ने नमः पार्वती पतये, हर-हर महादेव के जयघोष के साथ अपने भाषण की शुरूआत की. सीएम योगी ने कहा मैं आश्वस्त करता हूं, जो भी संस्कृत में विशिष्ट शोध की थीसिस




लिखेंगे, कुछ अच्छा कार्य करेंगे, उन सभी आचार्यों और छात्रों को हम स्कॉलरशिप देने की घोषणा करने जा रहे हैं. गुरुकुल की परंपरा को पुनर्जीवित करने वाली संस्थाओं को खोलने के लिए लोगों का आह्वान करते हुए सीएम योगी ने कहा कि ऐसे विद्यालयों को प्रदेश की उनकी सरकार तत्काल मान्यता देगी और ऐसी संस्थाओं को स्वतंत्रता भी रहेगी। संस्कृत केवल देववाणी ही नहीं बल्कि भौतिक समाज की तमाम समस्याओं के समाधान करने का भी माध्यम बने। अच्छा थीसिस लिखने वाले छात्रों के लिए भी प्रदेश सरकार स्कॉलरशिप की व्यवस्था करने जा रही है। सीएम योगी ने कहा सनातन धर्म की ऊर्जा का एक स्वर यहां आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत होकर गुंजायमान हो रहा था. संस्कृत को समझना है तो इस स्वर के अंतःकरण में स्वयं को समाहित करना पड़ेगा. उन्होंने कहा कि यह समारोह संस्कृत के लिए, भारतीय संस्कृति के लिए और उसकी आत्मा की दृष्टि से महत्वपूर्ण समारोह है. मुझे आश्चर्य होता है गरीब छात्रों के लिए छात्रवृत्ति होनी चाहिए. लेकिन, संस्कृत को उससे क्यों उपेक्षित किया गया मुझे नहीं समझ आया. अभी तक केवल 25 करोड़ की आबादी में केवल 300 बच्चों के लिए स्कॉलरशिप की व्यवस्था थी. वह भी छात्रों को पता नहीं होता था और कोई आवेदन नहीं कर पाता था. उन्होंने कहा कि महर्षि अरविन्द ने कहा था संस्कृत भाषा और उसका साहित्य हमारा सबसे बड़ा खजाना है. भारतीय संस्कृति के संरक्षण का दायित्व केवल संस्कृत उठा सकती है, संस्कृत के प्रति अनुराग रखने वाले लोग उठा सकते हैं, संस्कृत के प्रति श्रद्धा का भाव रखने वाला, आज का युवा उठा सकता है.

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश संस्कृत परिषद को मान्यता तब मिल पाई जब हम लोगों की सरकार वर्ष 2017 में आई. सीएम योगी ने कहा उत्तर प्रदेश में जितने भी संस्कृत के बच्चे हैं, प्रथमः से लेकर आचार्य तक, इन सबके फॉर्म भरवाने हैं, सबको स्कॉलरशिप उपलब्ध करवानी है, इसके लिए हर संस्थान को अपने स्तर पर प्रयास करना पड़ेगा. सीएम योगी ने कहा कि जहां पर भी कोई व्यक्ति, कोई आश्रम, कोई अच्छा छात्रावास बनाकर देगा, विद्यालय देगा, बच्चों के रहने व खाने की निःशुल्क व्यवस्था करेगा, हम अनुदान देकर के उस संस्थान को संस्कृत की मान्यता के लिए, अच्छे आचार्यों की नियुक्ति करने के लिए एक स्वतंत्रता भी देंगे. आज के परिपेक्ष में संस्कृत का उपयोग किस रूप में आगे बढ़ा सकते हैं, इसको भारतीय संस्कृति के दृष्टि से, वैज्ञानिक भाषा है इस दृष्टि से भी. इस पर लगकर के युद्धस्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है. मुख्यमंत्री कहा कि संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पुरातन संस्कृति का संवर्धन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की सभ्यता, संस्कृति उठ खड़ी हुई है जिसको संस्कृत द्वारा उचित समय दिया जाएगा। संस्कृत केवल देववाणी ही नहीं है बल्कि भौतिक जगत की सभी समस्याओं की वैज्ञानिक विधि भी है। संस्कृत को बढ़ाने के लिए शोध के कार्यों को आगे बढ़ाया जाए जिसके लिए सरकार शोध छात्रवृत्ति भी लेकर आएगी। कार्यक्रम के मंच पर उनके साथ कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु के अलावा महापौर अशोक तिवारी, विधायक नीलकण्ठ तिवारी, डॉ. सुनील पटेल, सौरभ श्रीवास्तव, नील रतन सिंह, त्रिभुवन राम, डॉ. अवधेश सिंह आदि मौजूद थे. संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर के दीक्षा प्रांगण में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कंप्यूटर के माउस को क्लिक कर प्रदेश के 69195 संस्कृत विद्यार्थियों के बैंक खाते में एक साथ 586 लाख रुपए की धनराशि छात्रवृत्ति के रूप में स्थानांतरित किया। बैंक खातों में छात्रवृत्ति की धनराशि डिजिटली ट्रांसफर होने पर मौके पर मौजूद छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे।



मुंबई मित्र, वित्त मित्र द्वारा दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम रविवार 27 अक्टूबर को शाम 4:00 बजे संक्रमण स्टूडियो भांडार कार्यालय आरे मिल्क कॉलोनी गोरेगांव पूर्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन अभिजीत राणे समूह संपादक ने आए हुए सभी पत्रकार बंधुओ का स्वागत किया। श्री रान्णे ने उपस्थित पत्रकार बंधुओ को दीपावली की हार्दिक शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा दीपावली का गिफ्ट देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सुखविंदर सिंह लाला भाई देवदास मुरंजन ओमप्रकाश प्रजापति संपादक उत्तरशक्ति हिन्दी दैनिक उपस्थित रहे।

## इजराइल के ईरान पर हमले से वास्तव में क्षेत्रीय तनाव में कमी आयी

इजराइल। इजराइली अभियान का कुछ सीमित दायरा यह दशार्ता है कि यह हमला ईरान के सर्वोच्च नेता और ईरानी सैन्य कमांडरों को एक कड़ा संदेश भेजने के लिए किया गया था। संक्षेप में, इजराइल यह संकेत दे रहा है कि उसके पास ईरान के केंद्र पर हमला करने की क्षमता है परंतु वह पूर्ण-शक्ति से हमले करने से बच रहा है, जिससे ईरान की पहले ही डंवाडोल अर्थव्यवस्था को और अधिक नुकसान पहुंचता।

मिशिगन। इजराइल ने 26 अक्टूबर, 2024 को हवाई हमले कर ईरान, इराक और सीरिया में लगभग 20 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। इसकी आशंका कई सप्ताह से थी। दरअसल, यह काईवाई अक्टूबर की शुरूआत में तेहरान द्वारा किए गए बैलिस्टिक मिसाइल हमले के बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से बदला लेने की चेतावनी के बाद की गई। यह कदम उस पैटर्न का अनुसरण करता है जिसमें ईरान और इजराइल बारी-बारी से उस स्थिति को आगे बढ़ाते हैं जो लंबे समय तक एक ह्यछाया युद्धह्व था, लेकिन अब यह प्रत्यक्ष टकराव में बदल गया है। इन प्रतिशोधात्मक हमलों से व्यापक भय उत्पन्न हो गया कि समूचा क्षेत्र और अधिक उग्र चरण में प्रवेश करने को तैयार है। लेकिन, भले ही यह विरोधाभासी लगे पर मेरा मानना है कि हाल ही में हुए इजराइली हमलों ने तनाव को कम किया है। ऐसा क्यों हुआ, यह समझने के लिए, इजराइली अभियान की प्रकृति और पैमाने का विश्लेषण करना जरूरी है। साथ ही हमले के बाद इजराइल, ईरान और अमेरिका में निर्णय लेने वालों के संभावित रुख का भी विश्लेषण करना जरूरी है। इजराइल द्वारा सुनियोजित हमला ईरान द्वारा अक्टूबर में किया गया हवाई हमला, ईरान के छद्म समूह हिजबुल्ला के विरुद्ध इजराइली अभियानों की श्रृंखला का प्रतिशोध था। इनमें जुलाई में ईरान के नए राष्ट्रपति के शपथग्रहण की पूर्व संध्या पर तेहरान में हमास के एक उच्च पदस्थ अधिकारी की हत्या तथा सितंबर के अंत में हिजबुल्ला के नेता की हत्या शामिल है। इसी प्रकार, अप्रैल में ईरान द्वारा इजराइली ठिकानों पर किया गया हवाई हमला, इस वसंत में इजराइली उकसावे के जवाब में किया गया था। इसमें एक अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमला भी शामिल था।

## आरोग्य सप्ताह के तहत हुए कई स्वास्थ्य कार्यक्रमों के आयोजन




उदयपुरवाटी। आमजन को आयुर्वेद से मिलने वाले लाभों के प्रति जागरूक करने के लिए जगह जगह स्वास्थ्य परक कार्यक्रमों का आगाज आरोग्य सप्ताह के सुभारंभ के साथ हुआ। आयुर्वेद विभाग के निदेर्शानुसार 22 अक्टूबर से लेकर 28 अक्टूबर तक अरोग्य सप्ताह का आयोजन सभी औषधालयों में किया गया है। इसके तहत पहले दिन रोगी स्वास्थ्य और कल्याण के लिए आयुर्वेद के देवता की पूजा अर्चना कर सप्ताह का आगाज हुआ। विभिन्न स्कूलों में जाकर आयुर्वेद के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों का समाधान करते हुए हार्मोन असंतुलन, मासिक धर्म की अनियमिता, प्रदर,रक्ताल्पता और प्रजनन संबंधी समस्याओं के घरेलू ओर आयुर्वेद सम्मत समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई प्रकृति (शरीर)विश्लेषण कर आयुर्वेद अवधारणा और व्यक्तिगत स्वास्थ्य समाधान आयुर्वेद की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ.राजेंद्र कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया ब्लॉक के औषधालयों में जहां स्वस्थ जीवन शैली के बारे में समझाया गया वहीं तनाव दूर करने के लिए आयुर्वेद का उपचार इसके घरेलू उपाय भी उपस्थित जनों को बताए गए। कार्य की गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए तनाव प्रबन्धन के महत्व को भी समझाया गया। उन्होंने कहा इस दौरान चिकित्सकों ने आहार विहार, दैनिक चर्या, ऋतु चर्या का सम्यक पालन भी सेहत को बनाए रखने के लिए किया जाता रहे इस प्रकार की बात कही साथ ही अपनी शक्ति के अनुसार निरोग रहने के लिए योग और व्यायाम को हमेशा करते रहना चाहिए। आज रविवार को आयुर्वेद निदान उपचार के शिविर लगाए गए जिसमें विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों के आयुर्वेद के प्रभावकारिता को प्रदर्शित किया गया। सोमवार को मै आयुर्वेद का समर्थन करता हूं एवं सेल्फी अभियान के साथ आरोग्य सप्ताह का समापन होगा तथा मंगलवार को आरोग्य के देवता भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना कर 9 वे आयुर्वेद दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा।

## पत्रकार आदेश मिश्र के सुपुत्र के जन्मदिन पर संगीतमय सुंदर कांड पाठ संपन्न



मुंबई। अमृतनगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदीर पर शनिवार को विक्रोली पार्कसाईट के निवासी पत्रकार आदेश मिश्र कें सुपुत्र प्रतीक मिश्र दिव्यांश के तृतीय जन्मदिन पर दीघार्यु एवं मंगल कामना और देश की खुशहाली हेतु भजन गायक वीमलेश मिश्र, रामप्रसाद पांडेय,चतुवेर्दी, ढोलवादक सत्यम तिवारी के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री रामलीला उत्सव समिति के प्रमुख मार्गदर्शक चंद्रशेखर आर शुक्ल, दिवाकर मिश्र, दलजीत पांडेय, आचार्य नीरज मिश्र, अवधेश तिवारी, बृजेश शुक्ल, अरविंद शुक्ल, दिनेश सिंह, सर्वदेव पांडेय, रामतीर्थ शर्मा, ब्रम्हदेव दुबे, अनिल सिंह, राकेश दुबे, शुभम सिंह,राजन सिंह, राजेश सिंह, किशन शर्मा, प्रेम तिवारी, मदन सिंह राजपुरोहित, प्रवीन व्यास, रमेश राजभर सहित कई गण मान्य लोग उपस्थित थे.

## जिप इलेक्ट्रिक डिलीवरी पार्टनर्स को देगी दिवाली तोहफा

मुंबई। जिप इलेक्ट्रिक, भारत का प्रमुख टेक-इनैबल्ड ईवी-एज-अ-सर्विस प्लेटफॉर्म, ने त्यौहार के लिये अपना कैम्पेन जिप दिवाली बोनान्जाः टॉप 30 राइडर्स पैन-इंडिया टू गेट गोल्ड, सिल्वर कॉइन्स लॉन्च कर दिया है। यह कैम्पेन 20 अक्टूबर से 20 नवंबर, 2024 तक चलेगा। यह कैम्पेन त्यौहारों को देखते हुए इनाम देने की एक पहल है, जिसमें दिवाली मनाते हुए गिग वर्कर्स की आमदनी बढ़ाई जाएगी और उन्हें लंबे वक्त तक फायदे मिलेंगे। इसका लक्ष्य मौजूदा एवं भूतपूर्व जिप पायलट्स को त्यौहार के दौरान खास तरीके से सशक्त और पुरस्कृत करना है। यह उनकी कड़ी मेहनत और कंपनी में उनके योगदानों का सम्मान होगा। इस कैम्पेन का मुख्य आकर्षण है सबसे ज्यादा समय से काम कर रहे जिप पायलट्स को सम्मानित करने के लिये जिप इलेक्ट्रिक की प्रतिबद्धता। कंपनी पाँच समर्पित पायलट्स के लिये 15 लाख रुपए का एम्प्लॉयी स्टॉक ऑनरशिप प्लान (ईसॉप्स) पेश कर रही है। इस पहल का मकसद उनके सतत योगदानों एवं समर्पण का सम्मान करना और उन्हें वित्तीय सुरक्षा तथा सेवानिवृत्ति के लाभों का रास्ता दिखाना है। ईसॉप प्लान गिग वर्कर्स को सशक्त करने के लिये जिप इलेक्ट्रिक की लंबी अवधि की सोच को दिखाता है। इससे सुनिश्चित होगा कि वे गिग इकोनॉमी में भाग लें और पर्यावरण की रक्षा करते हुए विकास की दिशा में कंपनी की यात्रा के सच्चे भागीदार बनें। जिप इलेक्ट्रिक के को-फाउंडर एवं सीईओ आकाश गुप्ता ने कहा, डिलीवरी एक्जीक्यूटिव्स को हम जिप पायलट्स कहते हैं और वही हमारे परिचालन की रीढ़ हैं।

## अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू हो

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। आज का महत्वपूर्ण मुद्दा जो भारत में एडवोकेसी कर रहे सभी एडवोकेट के हितों और सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। देश के अदंर पिछले कुछ सालों से निरंतर हो रही गम्भीर घटनाओं से सभी अधिवक्ताओं में यह बात को ले कर रोष है कि, एक अधिवक्ता जो की ऑफिसर ऑफ द कोर्ट होता है जिसका कर्तव्य किसी गरीब असहाय, वा अक्षम व्यक्ति को न्याय दिलाना होता है। उस पर कब तक प्राणघातक हमले होते रहेंगे। सवाल क्या वह स्वतन्त्रता से अपने कोर्ट का कार्य नहीं कर सकता।अधिवक्ताओं के ऊपर हो रहे प्राणघातक हमलों को देखते हुए। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम₹ को ले कर देश के अनेकों राज्यों वा उनके जिलों कि अदालतों के



अधिवक्ताओं द्वारा सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन करके उक्त अधिनियम लागू करने कि मांग की जा रही है लेकिन सभी राज्य सरकारें इस मुद्दे पर मौन है! हमारे देश में ₹वकील और डॉक्टर को सामाज/व्यक्ति का रक्षक माना जाता है। लेकिन सरकारों ने इसमें भी पक्षपात किया है। जिस प्रकार एक डॉक्टर कि सुरक्षा के लिए यूपी मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट 2013 बनाया गया। तो क्या एक अधिवक्ता की रक्षा के लिए ₹यूपी एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट₹ लागू नहीं किया जा सकता? सैय्यद जैगम जैदी का मानना है की यदि इस डबल इंजन की सरकार में ये अधिनियम पास नहीं हो सका फिर कभी नहीं हो सकता। राज्य सरकार से उपेक्षा है की बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा सरकार को भेजे गए ड्राफ्ट पर संसद में विचार विमर्श कर के जल्द ये अधिनियम लागू करेंगे।अन्यथा कि दशा में अधिवक्ताओं द्वारा सरकार के विरुद्ध देश वा राज्यों में समय समय पर प्रदर्शन होता रहेगा। एस जेड जैदी एडवोकेट सिविल कोर्ट जौनपुर

## रधक स्टूडियो स्टोर का शुभारंभ बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने किया

पटना। बिहार का पहला लग्जरी कुट्योर, रधक स्टूडियो, पटना, के नए और भव्य एक्सपीरियंस स्टोर का शुभारंभ बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री ईशा गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर रधक स्टूडियो के ऑनर आकाश केडिया और राधिका सरावगी ने आने वाले अतिथियों का स्वागत किया।रधक स्टूडियो विशेष रूप से सभी प्रकार के डिजाइनर परिधानों में विशेषज्ञता रखता है। चाहे वह खास अवसरों के लिए हो या आरामदायक दैनिक पहनावे के लिए, हम ग्राहकों को अपने हर परिधान में उत्कृष्टता और शैली का अनुभव कराते हैं। इस नए अनुभव स्टोर में, हम पहली बार अपने पुरुषों के कलेक्शन को भी प्रस्तुत करने जा रहे हैं।

## उत्तम कुमार ने साध्वी प्रज्ञा सिंह से की मुलाकत

मुंबई। एक संन्यासिनी जिसने अपना पूरा जीवन हिंदू धर्म की सेवा में बिताया। जिसने अनगिनत यातनाएं सहने के बाद भी सत्या का साथ नहीं छोड़ा. उनके न बोलने से ही कांग्रेस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके सहयोगी संगठनों को आतंकवादी घोषित नहीं कर सकी। हिंदुओं के पास आतंकवादी का नाम सहन करने का समय नहीं था, सिर्फ इसलिए कि वह अत्याचारों के बावजूद अपनी बात पर कायम रही। उन्होंने न केवल अपने शरीर को अपंग करने वाली यातनाएं सहन कीं, बल्कि उन्होंने सनातन धर्म को नहीं छोड़ा। साध्वी प्रज्ञा सिंह एकांतवास में हैं और उनका इलाज नोएडा के कैलास हॉस्पिटल में चल रहा है। सिर से खून बह रहा है. साध्वी प्रज्ञा सिंह आज अकेली हैं और आंखों में आंसू लिए उग्रवादियों से सवाल पूछ रही हैं, पिछले हफ्ते बीजेपी



महाराष्ट्र प्रदेश केरल शाखा के संयोजक उत्तम कुमार ने उनसे मुलाकात की थी. उन्होंने कहा कि वह सभी हिंदुत्ववादियों को उनकी स्थिति से अवगत कराने के लिए यह लेख प्रकाशित कर रहे हैं. महाराष्ट्र एटीएस कांग्रेस काल में साध्वी को गिरफ्तार कर 24 अक्टूबर को कोर्ट में पेश करती है, यह दिखाते हुए कि उसे कानूनी तौर पर 24 घंटे पहले ही गिरफ्तार किया गया था। बीच के 13 दिनों में उनसे तीन-तीन बार नशीले पदार्थ, ब्रेन मैपिंग और पॉलीग्राफ टेस्ट कराकर पूछताछ की जाती है, लेकिन वे उस अपराध को स्वीकार नहीं करते जो उन्होंने किया ही नहीं। उन्हें जानवरों की तरह पीटा जाता है और जब अदालत में पेश किया जाता है तो उग्र साध्वी को सचमुच अपंग बना दिया जाता है। घटना के बारे में बताते हुए साध्वी ने कहा कि वे मुझे पीट रहे थे, बहुत बुरी गालियां दे रहे थे. मेरे शिष्य मुझे उन्हें मारने के लिए मजबूर कर रहे थे। लेकिन जब यह सब चल रहा था तो मैं खुद को याद दिला रहा था कि आप एक साधु हैं और आपको यह सहन करना होगा। आप शरीर नहीं, आत्मा हैं और ये शारीरिक शोषण आपके लिए कोई मायने नहीं रखते. साध्वी प्रज्ञा को प्रताड़ित करने के लिए मुख्य रूप से हेमंत करकरे का नाम लिया जाता है. वह तत्कालीन एटीएस प्रमुख थे. भले ही उनके मन में कसाब के अत्याचारों में जान चली गई।

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजित

मुंबई(उत्तरशक्ति)। आदर्श रामलीला समिति काटन ग्रीन द्वारा आयोजित राम मंदिर प्रांगण काटन ग्रीन पूर्व मुंबई में दस दिनों की सफल रामलीला के बाद शनिवार को एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। हास्य सम्राट सुरेश मिश्र के सफल संचालन में कवि सम्मेलन की शुरूआत राना तबस्सुम की सरस्वती वंदना से हुई। एड्. आरबी गुप्ता, एड्. राजीव मिश्र, डाक्टर मृदुला तिवारी, ज्ञान प्रकाश गर्ग, लाफ्टर चैंपियन फेम सुनील सावरा और डाक्टर राज बुंदेली ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पूर्व गत वर्ष स्वर्गवासी हुए पूर्व अध्यक्ष पं. दयाशंकर त्रिपाठी को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में हमारा महानगर के




कार्यकारी संपादक राघवेन्द्र द्विवेदी का सम्मान आदर्श रामलीला समिति काटन के अध्यक्ष पं. राधेश्याम मिश्र ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, कान बिहारी अग्रवाल, साहित्य कला मंच के महामंत्री विनय मिश्रा, डाक्टर दयानंद तिवारी, रमानाथ त्रिपाठी, शिव कुमार सिंह, रामकृष्ण पांडेय,जिलाजीत सिंह, यागवेंद्र अग्रवाल, डाक्टर के के गुप्ता, बी. कमल दूबे, के के मिश्रा, सुरेश सुधार, वृंदावन शुक्ला, अनिल सिंह, कृष्ण कुमार पाण्डेय, उमाशंकर पांडेय, विमलधर दूबे, ओमप्रकाश पांडेय सहित भारी संख्या में रामभक्त और साहित्य रसिक उपस्थित थे। अपने समापन उद्बोधन में अध्यक्ष राधेश्याम मिश्र ने कहा कि हर सनातनी का कर्तव्य है कि वह अपने परिवार और बच्चों के साथ रामलीला देखना चाहिए। इससे ही हमारी संस्कृति और परंपराएं अक्षुण्ण रह पाएंगी।